CMYK


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, गुरुवार 19 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचानः योगी पेज 2



मेहंदी हसन मिराज ने वनडे और मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय




कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी पेज 12

# ईरान ने इजरायल पर तेज किए जवाबी हमले, तेल अवीव में भारी नुकसान

**तेहरान/तेल अवीव/कैनबरा।** ईरान ने बुधवार को इजरायल पर ताजा हमले करते हुए अपने शीर्ष नेताओं की हत्या का बदला लेने की घोषणा की है। तड़के तेल अवीव और यरुशलम में प्रत्यक्षदर्शियों ने आकाश में चमक देखे जाने की सूचना दी, जिनमें तेल अवीव के ऊपर क्लस्टर म्युनिशन मिसाइल जैसा दृश्य भी शामिल था।

तेल अवीव के कई इलाकों में गिरते मलबे से भारी नुकसान हुआ, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों और आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य इजरायल में मिसाइल के छर्रों से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तेल अवीव के उत्तर में स्थित ब्नेई ब्राक शहर में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। ईरानी सेना ने कहा कि उसने इजरायल के खिलाफ तीव्र हमले किए हैं। एक कमांडर ने इस कार्रवाई को तेज रफ्तार हमला बताया। ईरान की अर्द्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने ऐसे वीडियो प्रसारित किए, जिनमें तेल अवीव की ओर दागी गई मिसाइलें दिखाई गईं। इनमें खोर्रमशहर-4 मिसाइल भी शामिल बताई गई है, जिसे विशेषज्ञ 80 तक छोटे बम ले जाने में सक्षम -शेष पृष्ठ दो पर



- ईरानी सुप्रीम नेता मुजतबा खामेनेई ने कहाः लारीजानी की हत्या का लेंगे बदला
- ईरानी हमले में संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना निशाना बना

## इजरायल का दावा: ईरान के खुफिया मंत्री खतीब मारे गए

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को सभी मोर्चों पर चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है। रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, श्री काट्ज ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि रात के समय किए गए हमलों में ईरानी खुफिया मंत्री खतीब को मार दिया गया है।

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, क्षेत्र में शांति और होर्मुज पर चर्चा हुई


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ईद के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। हाल के घटनाक्रमों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदली स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। हमने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा को दोहराया। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क जरूरी है।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, भारत में 21 को मनेगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है, इसलिए वहां गुरुवार (आज) नहीं, बल्कि 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। दरअसल, सऊदी में चांद दिखने के आधार पर ही भारत में ईद की संभावित तारीख तय होती है। अगर सऊदी में बुधवार को चांद दिख जाता, तो वहां गुरुवार को ईद मनाई जाती। इसके बाद भारत में भी ईद की तारीख भी तय हो जाती। मगर वहां बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है। इसका मतलब ये हुआ कि सऊदी में गुरुवार (आज) ईद नहीं मनाई जाएगी।

### 29वां रोज़ा

## दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।

# राज्यों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

## सरकार ने माना: एलपीजी की किल्लत जारी, मोदी-पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10 प्रतिशत ज्यादा एलपीजी कोटा देने का आफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार -शेष पृष्ठ दो पर



- केंद्र सरकार ने राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा

## यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर 'जग लाडकी' बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं। घटना में मारे गए 8 लोगों के शव -शेष पृष्ठ दो पर



- मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

## इंदौर में ईवी ब्लास्ट, घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से आठ लोग जिंदा जले

**इंदौर।** इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं।

## परिषद की सीट रिक्त घोषित करने का ICAI का निर्णय रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा क्षेत्रीय परिषद की एक सीट को रिक्त घोषित करने के निर्णय को रद्द कर दिया और कहा कि बैठकों के आयोजन में प्रक्रियात्मक खामियों का उपयोग स्वत: अयोग्यता के लिए नहीं किया जा सकता है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 2025-2029 कार्यकाल के लिए उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद के निर्वाचित सदस्य गौरव अग्रवाल को छह नवम्बर, 2025 को सूचित किया गया कि उन्होंने अपनी सीट खो दी है।

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में आदेश किया जारी

## आंधी और बारिश के साथ उप्र में बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के पश्चिमी जिलों में मौसम ने बुधवार शाम अचानक करवट ली। देर शाम दिल्ली से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर आदि जिलों में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं। गुरुवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 19 मार्च से बदलाव के साथ 20 मार्च को प्रदेशभर में तेज हवाओं और बारिश का व्यापक असर -शेष पृष्ठ दो पर

- पश्चिमी जिलों में गरज- चमक के साथ हुई बारिश

## ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी का दखल अच्छी स्थिति नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प. बंगाल से कहा कि ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना अच्छी स्थिति नहीं है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा कि ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। वकील दीवान ने दलील दी कि अगर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक उदाहरण बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा होने पर सांविधानिक व्यवस्था में मौजूद संतुलन और नियंत्रण की प्रक्रिया पूरी तरह दरकिनार हो जाएगी और एक विभाग दूसरे के खिलाफ इस अनुच्छेद का इस्तेमाल करने लगेगा।

आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी



# 33 हजार करोड़ की लागत से बनेंगे 100 इंडस्ट्रियल पार्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है।

33,660 करोड़ रुपये लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपये की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। यह योजना अगले पांच सालों में 2030-31 तक लागू की जाएगी। इसके तहत परियोजनाएं रन-ऑफ-द-रिवर मॉडल पर विकसित होंगी, जिससे बड़े बांध बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोगों के विस्थापन से बचा जा सकेगा। सरकार के अनुसार देश में 7,133 स्थानों पर छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की संभावना है, जिनकी कुल क्षमता करीब 21,000 मेगावाट है। फिलहाल 1,196 स्थानों पर 5,100 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से करीब 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपये की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने लिया।

- भव्य योजना को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, यूपी में बाराबंकी-बहराइच के बीच 7000 करोड़ से बनेगा 4-लेन हाईवे
- कैबिनेट बैठक में 2,585 करोड़ की स्मॉल हाइड्रो पावर स्कीम को मंजूरी, कपास किसानों को राहत, सरकार खरीदेगी पूरी उपज




मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स

एक अनमोल रिश्ता

- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE

KAJ

सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में वृहद रोजगार मेला-2026 का शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को 'वृहद रोजगार मेला-2026' का उद्घाटन किया। इस रोजगार मेले के माध्यम से हजारों युवाओं को नौकरी के अवसर मिलने की उम्मीद है। मेले में 15,000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें करीब 2,500 युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है। डिजिटल पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू की गई, जिससे प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाया गया। इस दौरान अग्रवाल ने कौशल विकास को आधुनिक बनाने के लिए तीन डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' लॉन्च किया। उन्होंने युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### पटेल ने दी हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती पटेल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नव संवत्सर हर हृदय में नई उमंग, विश्वास और संकल्प का संचार करे। यह पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाते हुए समाज में एकता, सद्भाव और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करे। सभी लोग इस नव वर्ष का स्वागत नए सपनों, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण के संकल्पों के साथ करें, ताकि समाज और राष्ट्र निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

### विपक्ष ने लोकसभा में केन्द्र सरकार से उठाई मांग

# एमएसपी को सख्ती से लागू करे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तत्काल देने की मांग करते हुए कहा है कि खुद सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उसे एमएसपी गारंटी के प्रावधान को लागू कर सख्ती से इसका पालन करना चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारंग ने बुधवार को केंद्रीय बजट (दूसरा प्रक्रम) वर्ष 2025-26 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए छोटे किसानों के कर्ज माफ करने और किसानों लिए एमएसपी की गारंटी देने की मांग की। उनका कहना था कि किसानों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था। इस आंदोलन में शामिल होकर उन्होंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे। इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनीति हो रही है, लेकिन इस विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के किसानों को उनका हक देने की मांग की। उन्होंने लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान देने की मांग की ताकि वहां कृषि संबंधी अनुसंधान बिना बाधा के हो सके। भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार से किसानों को पूरी मदद दी जा रही है और उनके राज्य तेलंगाना में किसान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण चावल उत्पादन क्षेत्र में संपन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना को केंद्र से पर्याप्त मदद दी जा रही है और किसानों को सबसे अच्छी तरह से सब्सिडी दी जा रही है।



■ किसानों ने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और पीएम मोदी ने किया था वादा: अमरिंदर सिंह

#### किसानों को मिल रहा है बेहतर लाभ: भाजपा

भाजपा नेता ने कहा कि किसानों से संबंधित मामलों का परिचालन और संचालन बेहतर हो रहा है और इसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। उनका कहना था कि वह 16वीं लोकसभा के भी सदस्य रहे हैं और उन्होंने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों के हित के लिए जो योजनाएं लेकर आए उससे किसानों में उत्साह बढ़ा है और उसी का फायदा आज किसानों को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को जो सुविधा सरकार की तरफ से दी गई है उसकी वजह से किसानों की क्रय क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह उनकी आय बढ़ने के कारण ही संभव हुआ है। समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि किसानों की आय ही बढ़ाई जानी चाहिए बल्कि उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आलू किसानों का मुद्दा उठाया और कहा कि किसान का आलू पांच से छह रुपये में बिक रहा है, जबकि बाजार में किसान का वही आलू 30 रुपये किलो बिक रहा है।

# विकास की नई गाथा लिख रहा उत्तर प्रदेश: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथ लिख रहा है।

योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उप्र पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है।

2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने नोएडा को लेकर फैले मिथकों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अब यह क्षेत्र विकास की नई पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और जेवर एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र को वैश्विक पहचान मिलेगी।



■ नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचान

# भाजपा का अमेरिकी रिपोर्ट को लेकर राहुल पर हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिकी संस्था यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रीलिजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) को लेकर कांग्रेस पार्टी और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए इसे भारत की संप्रभुता और देश के हर नागरिक की अस्मिता से जुड़ा मुद्दा बताया है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को लेकर गांधी जिस तरह प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी रिपोर्ट को पूरी तरह पढ़े बिना ही भारत विरोधी ताकतों का साथ दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि गांधी किस आधार पर इस रिपोर्ट का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उन्होंने इस रिपोर्ट को ध्यान से पढ़ा भी है। भाटिया ने कहा कि इस अमेरिकी रिपोर्ट में भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनलिसिस विंग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।



■ देश की संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बताया

# यूपी में कब तक कराएंगे पंचायत चुनाव?

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी चुनाव आयोग से पूछा सवाल

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्राम पंचायत चुनाव 2026 को लेकर राज्य चुनाव आयोग से तैयारी की जानकारी मांगी है। याचिकाकर्ता इम्तियाज हुसैन की तरफ से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह सुनवाई की है।कोर्ट इस मामले में 25 मार्च को दोपहर दो बजे अगली सुनवाई करेगी। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिविजन बेंच ने दागा सवाल।

कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या 19 फरवरी 2026 की मौजूदा अधिसूचना के आलोक में वो चुनाव संपन्न कराने की स्थिति में है। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि इस मामले के तथ्यों के अनुसार चुनाव 26 मई 2026 को या उससे पहले ही संपन्न हो जाने चाहिए थे। याची ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए यह निर्देश देने कि मांग कि थी कि प्रतिवादी जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने से काफी पहले संपूर्ण पंचायत चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक विस्तृत और समयबद्ध कार्यक्रम रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करें। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या वो तय संवैधानिक समय सीमा के अंदर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएगा? याचिकाकर्ता ने कोर्ट में दलील दी कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ई के प्रावधान के अनुसार पंचायत की अवधि उसकी पहली बैठक के लिए निर्धारित तिथि से 5 वर्ष तक जारी रहेगी और इससे अधिक नहीं। राज्य चुनाव आयोग के वकील ने यह दलील दी कि यूपी पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12-बीबी के प्रावधानों के अनुसार यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह राज्य चुनाव आयोग के परामर्श से प्रधान के आम चुनाव या उपचुनाव की तारीख तय करने वाली अधिसूचना जारी करे।



■ मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को दो बजे होगी, समय रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा

### केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विस क्षेत्रों में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों और कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत छह राज्यों की आठ सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए गए ज्यादातर केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए 1,111 प्रेक्षक तैनात किए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76704.13
निफ्टी 23777.80



सोना 155000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 633 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

आईटी और ऑटो सेक्टरों में जबरदस्त तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 633.29 अंक (0.83 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का एक सप्ताह का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर अधिक रहा।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.67 प्रतिशत उछल गया। आईटी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी देखी गई। बैंकिंग, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक भी बढ़त में रहे। सिर्फ एफएमसीजी और धातु समूहों में हल्की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और टेक महिंद्रा के शेयर सवा तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत तक तेजी रही। एक्सिस बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, इंडिगो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एनटीपीसी और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक फीसदी से ज्यादा टूट गए। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।



### चांदी तीन दिन में 18,138 सस्ती, सोना 4,778 रुपये गिरा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। मौजूदा स्थिति में अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 20,596 सस्ता हो चुका है। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच पिछले 19 दिन में ही दाम 3,572 गिर गए हैं। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। हालिया गिरावट में पिछले 19 दिन में जंग के माहौल के कारण चांदी के दाम 16,537 कम हुए हैं। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं।

# उप्र में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को अमल में लानू की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल की ओर से 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' को मंजूरी दिए जाने के बाद राज्य सड़क परिवहन निगम ने ग्रामीण इलाकों में बस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक निगम इस महीने के आखिर तक इस योजना का प्रचार-प्रसार पूरा कर लेगा और बसों को चलाने के लिए निजी ऑपरेटरों से आवेदन मांगेगा।

आवेदनों की छंटनी का काम अप्रैल के मध्य तक पूरा हो सकता है। इस योजना का मकसद हर जलिा मुख्यालय से जलिे के गांवों तक कम से कम दो बसें चलाना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत जिला मुख्यालय से चलने वाली बसों की अधिकतम संख्या पर कोई रोक नहीं है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये बसें आकार में छोटी होंगी। इनकी अधिकतम लंबाई सात मीटर और बैठने की क्षमता 28 यात्रियों की होगी। ये बसें रात में गांवों में ही रुकेंगी, जबकि सुबह प्रखंड और तहसील होते हुए 10 बजे तक जलिा मुख्यालय पहुंच जाएंगी। किराया स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली एक समिति तय करेगी। दरअसल, प्रदेश के हजारों गांवों में जल्द ही सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। विभागीय सूत्रों के अनुसार उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि इस योजना और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...** मानते हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ये हमले राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या के प्रतिशोध में किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर मंगलवार को इजरायली हमले में मार दिया गया था। उधर, बुधवार तड़के ईरान के विभिन्न हिस्सों में भी विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फारस की खाड़ी के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में नौसैनिक और बंदरगाह सुविधाओं के पास कई धमाके हुए। सुबह लगभग 8:00 बजे नौसेना क्षेत्र और शाहिद बहोनर बंदरगाह के पास विस्फोट सुने गए। इसके बाद 8:15 बजे जहानबर क्षेत्र में तथा 8:40 बजे शाहिद राजाई बंदरगाह के तेल टर्मिनल और नियंत्रण टॉवर के पास भी धमाकों की सूचना मिली। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत के प्रमुख शहर अहवाज में सुबह करीब 9:30 बजे जैतून करमांदी इलाके में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में खिड़कियां टूटने की खबर है। कर्मानशाह प्रांत के सोंगहोर कस्बे में सुबह करीब 5:00 बजे विस्फोट की सूचना मिली, जबकि फॉर्स प्रांत के काजेरून के पास लगभग 6:55 बजे धमाका सुना गया। तेहरान के पश्चिम में मालार्ड क्षेत्र में सुबह 6:50 से 7:10 बजे के बीच कई विस्फोट हुए, जबकि पास के अलबोर्ज प्रांत के फर्दीस क्षेत्र में भी लगभग 7:11 बजे कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। वहीं ईरान के बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर किए गए हमले में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के किसी भी कर्मी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने पुष्टि की कि यह हमला 18 मार्च की सुबह हुआ, जिसमें बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है। हमले से बेस के ऑस्ट्रेलियाई हिस्से में बुनियादी ढांचे को मामूली नुकसान पहुंचा, जिसमें एक आवासीय ब्लॉक और एक चिकित्सा सुविधा शामिल है।

**राज्यों को...**(एसपीआर) की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है। दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 93 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक एप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा एलपीजी दुकानों पर अचानक जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी सुविधा है, वहां एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि एलपीजी कैरिअर नंदादेवी और शिवालिक से एलपीजी डिस्चार्ज चल रहा है। किसी भी पोर्ट पर कोई कंजेक्शन नहीं है। मंत्रालय पूरे हालात की निगरानी कर रही है।

**दिल्ली में...**

मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची आईजीआई अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25 फीसदी झुलस चुके हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हैं। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि कूलिंग ऑपरेशन जारी है। इसके बाद बिल्डिंग में एक बार फिर सर्च और रेस्क्यू किया जाएगा। पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे।

**आंधी और बारिश...** देखने को मिलेगा। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर व आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे वाली झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात के आसार हैं।

# हर घर नल से जल को नई रफ्तार, यूपी-केंद्र में एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उप्र ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। जल जीवन मिशन 2-0 के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को इस पहल की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए व्यापक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी। वहीं अब हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो रही है। पूर्वी उप्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में स्वच्छ जल और बेहतर स्वच्छता की अहम भूमिका रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब योजना को उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है, जहां अभी तक पाइप पेयजल की सुविधा नहीं पहुंची थी।



■ जल जीवन मिशन 2-0 पर समझौता

# दीवारोंखाल से जोखनी तक मोटर मार्ग निर्माण की वित्तीय स्वीकृति

**भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान के नेतृत्व में चिन्यालीसौड़ के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने की सीएम से मिलकर जताया आभार**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** यमुनोत्री विधानसभा के चिन्यालीसौड विकासखंड क्षेत्र के दिवारीखाल से जोखनी एवं बनगाँव -चोपड़ा -कसलाना मोटर मार्ग निर्माण की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिली है। मोटर मार्ग सहित अन्य स्वीकृतियों के लिए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय ग्रामीणों के प्रति. निधिमंडल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर आभार जताया।

प्रदेश के मीडिया प्रभारी चौहान के नेतृत्व में दशगी, बिष्ट एवं हातड पट्टी का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला व यमुनोत्री विधानसभा की अनेक मांगों को स्वीकृति देने के लिये आभार जताया। उन्होंने सीएम धामी को इसके अलावा ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन मे उन्होंने सीएम घोषणाओं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़,महाविद्यालय चिन्याली के उच्चीकरणडांडा गांव छानी से राजकीय महाविद्यालय टटाउ मोटर मार्ग की स्वीकृति के लिए शीघ्र स्वीकृति देकर धरातल पर उतारने का अनुरोध किया है ।मीडिया प्रभारी चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास की अन्य सभी जनहित की योजनाओं को स्वीकृत करवाने का भरोसा दिया। चौहान ने कहा कि यमुनोत्री क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नही रहने दी जायेगी। सड़क संपर्क, शिक्षा तथा स्वास्थ्य की दर्जनों योजनाओं को स्वीकृति मिली है और अन्य योजनाओं पर भी जल्दी ही निर्णय होगा।इस अवसर पर पूर्व प्रमुख डुण्डा शैलेन्द्र सिंह को. हली ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजय बडोनी ,निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष चैन सिंह महर, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रधान संघठन उत्तरकाशी, जगबीर रावत,कृषक कृषि उद्यमी उत्तरकाशी के जिला अध्यक्ष बलबीर रावत , पूर्व संघठन मंत्री,प्रहलाद राणा पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारी संघठन अध्यक्ष महाबीर सिंह चौहान, कुलबीर सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नितेश रमोला , विपिन बिष्ट, कुलदीप रावत, मंजीत राणा आदि दशगी बिष्ट पट्टी हातड़ के दर्जनों कार्यकर्त्ता ने मुख्यमंत्री को देहरादून आवास में धन्यवाद दिया।

# उत्तराखंड में व्यावसायिक एलपीजी की नई व्यवस्था लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।**उत्तराखंड में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार की नई पहल रंग लाने लगी है। प्रदेश में लागू की गई नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत तेल कंपनियों ने अब जनपदवार आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी प्रमुख कंपनियां अब सीधे शासन की एसओपी के अनुरूप गैस एजेंसियों को सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं, जिससे बाजार में आपूर्ति की स्थिति सुधरने लगी है। अपर आयुक्त खाद्य पी.एस. पांगती ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक गैस एजेंसी को उसके पास पंजीकृत व्यावसायिक गैस कनेक्शनों की वास्तविक संख्या के आधार पर ही सिलेंडरों का कोटा आवंटित किया जाएगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना और आवश्यकतानुसार सटीक आपूर्ति सुनिश्चित करना है। वर्तमान में राज्य की 311 गैस एजेंसियों के माध्यम से कुल 63,054 व्यावसायिक कनेक्शनों को गैस की आपूर्ति की जा रही है।खाद्य विभाग के अनुसार, इस व्यवस्था से सबसे अधिक लाभ होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे, अस्पताल और फार्मास्यूटिकल इकाइयों को होगा, जिन्हें अब अपनी दैनिक जरूरतों के हिसाब से गैस एजेंसियां सिलेंडर मुहैया कराएंगी।

# राज्यपाल से की विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को लोक भवन में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को हाल ही में गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से बुधवार को लोक भवन में नवनियुक्त आईजी, उत्तराखण्ड सेक्टर, सीआरपीएफ, देहरादून दिनेश उनियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनियाल को नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कृषि जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**चकराता।** राजकीय महाविद्यालय चकराता की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सभा टुंगरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवाँ दिवस कृषि जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न हुआ। कृषि विशेषज्ञ डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने स्वयंसेवियों को किसान ऋण पत्र, मृदा स्वास्थ्य योजना, पोषक तत्वों के महत्व एवं सिंचाई संबंधी जानकारी दी तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

वहीं वन विभाग की टीम ने वनाग्नि के कारणों, बचाव उपायों, वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन पर प्रकाश डाला। वन दरोगा चांदनी नेगी ने सर्पदंश व विषैले जीवों से बचाव के उपाय बताए।

महाविद्यालय की ओर से डॉ. शिवांगी उपाध्याय ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया, जबकि डॉ. यशवीर रावत ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में डॉ. अभय शिखर पंवार ने संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवन शैली पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पवन कुंवर तथा संचालन डॉ. सुदिप्ता कंडारी ने किया। इस अवसर पर मनोज जोशी सहित अन्य छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# चंडीदेवी एवं मनसा देवी का काम शीघ्र शुरू किया जाए : सीएस

**उच्च स्तरीय समिति ने कुंभ 2027 से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को दी संस्तुति**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में कुंभ - 2027 के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उच्च स्तरीय समिति द्वारा कुंभ - 2027 से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।

मुख्य सचिव ने विभिन्न ऐसे कार्यों जिनके अभी तक जीओ जारी नहीं हुए हैं, उनके जीओ तत्काल जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्थायी प्रकृति के छोटे कार्यों की संस्तुती के लिए पॉवर डेलीगेशन किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से कम के अस्थायी कार्यों को आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता वाली समिति अनुशंसा करेगी।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कुंभ से सम्बन्धित चंडीदेवी एवं मनसा देवी का काम शीघ्र शुरू किया जाए। कार्यों को आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता तय करते हुए संस्तुति प्रदान की जाए।

मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जाने वाले टेंट एवं बैरीकेडिंग आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने वाले कार्यों के लिए एजेंसीज एंपैनल्ड करने हेतु बिडिंग प्रोसेस तत्काल शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के सचिव और विभागाध्यक्षों को अपने - अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही शुरू करें।

मुख्य सचिव ने कुंभ कार्यो के लिए ऑडिट टीम भी शीघ्र तैनात किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सूचना, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को अगली एचपीसी में अपनी अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मेलाधिकारी को कुंभ के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने कनखल में यातायात संकुलन दूर करने हेतु योजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेलाधिकारी को गतिमान निर्माण कार्यों को अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मेलाधिकारी को सभी कार्यों की प्राथमिकता तय किए जाने की बात भी कही।



मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि विभिन्न विभागों के 191.30 करोड़ लागत के कुल 33 कार्य हैं, जिनमें से 31 कार्यों में कार्य प्रारम्भ हो चुका है और शेष 2 कार्यों की निविदा प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने सभी कार्यों को अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किए जाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सी. रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान एवं विनोद कुमार सुमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने दी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चौत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। चौत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रन्थों में चौत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चौत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चौत्र नवरात्रों की प्रदेश में धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की परम्परा रही है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा।

# प्रदेश में शहीद द्वार और स्मारकों के लिए बजट जारी



**सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों के जीर्णोद्धार शहीद द्वारों के निर्माण में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

विभागीय मंत्री जोशी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के विभिन्न जनपदों में 06 भव्य शहीद द्वार और स्मारकों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विभाग के अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने और प्रशास. निक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं तेजी से करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने शहीद द्वार/स्मारकों के चयनित स्थलों पर अत्याधुनिक डिजाइन और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

जोशी ने इस निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन स्मारकों का निर्माण चयनित स्थलों पर अत्याधुनिक डिजाइन, स्थानीय स्थापत्य कला एवं भारतीय सैन्य परंपराओं के समन्वय के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहीद द्वार न केवल श्रद्धांजलि का केंद्र होगा, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की अमर गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के प्रति अटूट सम्मान एवं प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ सिद्ध होगी और राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र प्रसाद भट्ट (सेनि), विंग कमांडर निधि बधानी (सेनि) उपस्थित रहे।

**इन स्मारकों और शहीद द्वारों का होगा निर्माण :** 'जनपद अल्मोड़ा के नायक गौरी दत्त जोशी, जनपद चंपावत के कैप्टन उमेद सिंह महरा (अशोक चक्र), जनपद चमोली के राइफलमैन मोहन सिंह, जनपद पिथौरागढ़ के सिपाही शिवलाल वर्मा, जनपद चमोली के गनर केसर सिंह तथा जनपद पौड़ी गढ़वाल के राइफलमैन हरी सिंह (शौर्य चक्र)'

# चीन में चमका जोशीमठ का शार्दुल, एशियाई स्की चैंपियनशिप में 8वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** चमोली जिले के विकासखंड जोशीमठ के बड़ागांव निवासी युवा खिलाड़ी शार्दुल थपलियाल ने चीन में आयोजित एशियाई स्की चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश का नाम रोशन किया है। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद शार्दुल ने 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच 8वां स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



बताया जा रहा है कि इस प्रतियोगिता में चीन और कोरिया जैसे देशों के अनुभवी खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी थी, लेकिन शार्दुल ने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के दम पर बेहत. रीन प्रदर्शन किया।

खास बात यह रही कि शार्दुल की इस उपलब्धि के पीछे सरकारी स्तर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। ऐसे में देहरादून स्थित ग्राफिक एरा के डायरेक्टर कमल घनशाला द्वारा की गई आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को पंख देने का काम किया। इस सहयोग के चलते ही शार्दुल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने चीन पहुंच सके।शार्दुल की इस सफलता ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को उचित संसाधन और प्रोत्साहन क्यों नहीं मिल पा रहा है। अगर समय रहते सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक सहयोग मिले, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों में शार्दुल की इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह है। लोगों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए सरकार से खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं देने की मांग की है।

# बदरीनाथ धाम का दिव्य व भव्य स्वरूप लेने लगा आकार

**धाम में मास्टर प्लान के तहत फेज 1 के निर्माण कार्य हुए पूर्ण, फेज 2 के निर्माण कार्य गतिमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** बदरीनाथ धाम में संचा. लित मास्टर प्लान के कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। यहां धाम में यातायात, तीर्थयात्रियों की पैदल आवाजाही, पथ प्रकाश, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुव्यवस्थित करने, नदी तटों की सुरक्षा, साथ ही धाम की सुरक्षा, पार्किंग सहित सभी यात्री सुविधाओं, सीवर निस्तारण के विकास के लिए 440 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जिससे अब योजना के अनुसार बदरीनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरुप आकार लेने लगा है। धाम के मास्टर प्लान का निर्माण कार्य करवा रही पीआईयू (लोनिवि) के अधिकारियों के अनुसार बदरीनाथ धाम में सभी कार्यों को जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान में फेज वन के निर्माण कार्य हुए पूर्ण

बदरीनाथ धाम को तीर्थयात्रियों की आवश्यकता के अनुरुप और यात्री सुविधाओं से लैस करने की मंशा से यहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में 440 करोड़ से मास्टर प्लान के निर्माण कार्य करवाये जा रहे हैं।

धाम को व्यवस्थित और यात्री सुविधाओं के विकास के लिए यहां निर्माण कार्यों को फेज 1 और 2 दो भागों में किया जा रहा है। जिनमें से वर्तमान तक फेज 1 के तहत वन-वे लूप रोड, बीआरओ बाईपास रोड, सिविक एमेनिटी बिल्डिंग, शेषनेत्र लेक, बद्रीश लेक, आईएसबीटी भवन, टूरिस्ट मैनेजमेंट सेंटर बिल्डिंग एवं एराइवल प्लाजा के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। जबकि हॉस्पिटल एक्सटेंशन बिल्डिंग का कार्य अंतिम चरण में है।

मास्टर प्लान के तहत फेज 1 में अलकनंदा नदी तटों पर सुरक्षा के लिए किए जा रहे रिवरफ्रंट के कार्य युद्ध स्तर पर गतिमान है। जिसमें रिवरफ्रंट-जी में फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। रिवरफ्रंट-एफ का कार्य 75 फीसदी पूर्ण हो चुका है। जबकि रिवरफ्रंट-ए का कार्य भी गतिमान है। रिवरफ्रंट ई1 एवं ई2 के अंतर्गत 60 मीटर स्पान के स्टील ट्रस सेतुओं का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ई 1 सेतु के लॉन्चिंग का कार्य किया जा रहा है एवं ई 2 सेतु के एबेटमेंट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। वहीं दूरदर्शन स्थल में भी फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है।

मास्टर प्लान के फेज 2 में पुरोहित आवास के चार ब्लॉक का निर्माण हुआ पूर्ण

बदरीनाथ मास्टर प्लान के फेज 2 के तहत यहां एडमिन बिल्डिंग एवं इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही रिवरफ्रंट-एफ1, रिवरफ्रंट-जी1 एवं पैदल सेतु का निर्माण भी किया जा रहा है। जबकि धाम में तीर्थ पुरो. हित आवासों का भी निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

योजना के तहत यहां 11 तीर्थ पुरो. हत आवास ब्लॉकों का निर्माण जानाह है। जबकि वर्तमान तक 4 ब्लॉक का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना अधिकारियों के अनुसार अन्य ब्लाक का निर्माण कार्य जुलाई माह से पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं नई स्वीकृति के अंतर्गत 2 नये तीर्थ पुरोहित आवास ब्लॉकों का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा।

बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों को योजनाबद्ध रूप से पूर्ण किया जा रहा है। यहां योजना के अनुसार फेज 1 के अधिकतर कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। जबकि रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य भी तेजी से किए जा रहे है। इसके साथ धाम में फेज वन के निर्माण कार्य भी गतिमान हैं। धाम में पुरोहित आवास के तहत 4 ब्लाक का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 7 ब्लाक का निर्माण कार्य गतिमान है और 2 नए आवंटित ब्लॉक का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

# जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्धः सीएम

**खटीमा के थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री धामी ने किया संबोधित,थारू संस्कृति उत्तराखंड की शान, इसे सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी 'जनजातीय गौरव दिवस' से बढ़ा जनजातीय समाज का सम्मान: मुख्यमंत्री**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनसमुदाय को नमन करते हुए अपनी प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण प्रत्यक्ष रूप से शामिल न हो पाने पर खेद व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि थारू समाज की सांस्कृतिक परंपराएं अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि थारू समाज के रीति-रिवाज, लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और प्रकृति के प्रति उनका गहरा जुड़ाव राज्य की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि खटीमा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए थारू संस्कृति गर्व का विषय है। विशेष रूप से थारू समाज की होली, जो कई दिनों तक उल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाती है, अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका मन सदैव खटीमा की जनता के साथ जुड़ा हुआ है, भले ही वे इस बार कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अटल आवास योजना में आय सीमा को व्यावहा. रिक बनाते हुए निर्माण लागत में वृद्धि की गई है, जिससे अधिकाधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। उधम सिंह नगर में इस योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत भी बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं तथा इस वर्ष प्राप्त आवेदनों में लगभग 28 प्रतिशत आवेदन जनजातीय परिवारों के हैं।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत जनपद में कई आवासों का निर्माण किया गया है।शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावा. सों एवं आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए धनराशि प्रदान की जा रही है तथा इन विद्यालयों को कक्षा 12 तक अपग्रेड किया जा रहा है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। खटीमा, बाजपुर और गदरपुर में छात्रावासों एवं शैक्षिक अवसंरचना के विकास हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

वन धन केंद्रों के माध्यम से उत्पादों को बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं को चक्रीय निधि एवं निवेश सहायता प्रदान कर उनके स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत अनेक योजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है तथा हजारों परिवारों को पेयजल, बिजली और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही थारू विकास भवन के निर्माण एवं जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनजातीय परिवारों को बेटी के विवाह हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए विभिन्न जनपदों में जनजाति कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जनजातीय परिवार को सम्मानजनक जीवन, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर जनजातीय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित करना जनजातीय समाज के सम्मान का प्रतीक है।

अंत में मुख्यमंत्री ने थारू समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया तथा जनता से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनसमर्थन के साथ उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा।

# केदारनाथ यात्रा: स्थानीय व्यापारियों को बड़ी राहत पूर्व की भांति संचालित होंगी कच्ची दुकानें और टेंट

■ केदारनाथ विधायक और डीएम की बैठक में लिया गया निर्णय, स्थानीय रोजगार और हितों को दी जाएगी प्राथमिकता: आशा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** आगामी विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर यात्रा मार्ग पर व्यवसाय करने वाले स्थानीय व्यापारियों और टेंट संचालकों को मिली बडी राहत। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाली कच्ची दुकानें और टेंट व्यवस्थाएं पूर्व वर्षों की भांति यथावत रहेंगी। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद यह आश्वासन दिया।

बैठक में केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि सरकार स्थानीय लोगों के स्वरोजगार और आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी विस्तार से चर्चा की गई थी, जिन्होंने स्थानीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए सकारात्मक रुख अपनाया है। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय व्यापारियों के सहयोग के बिना यात्रा का सफल संचालन संभव नहीं है।

### प्रशासन का भरोसा: सुगम यात्रा के साथ हितों की रक्षा

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने टेंट स्वामियों और दुकान संचालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों के हितों का संरक्षण करना भी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी केदारनाथ यात्रा को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। बैठक में मौजूद दर्जाधारी राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट और भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने भी सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं छोटे व्यापारी

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने कहा कि यात्रा मार्ग पर वर्षों से व्यापार कर रहे लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार भी है। बैठक में व्यापारियों ने अपनी मांगें मजबूती से रखी थीं, जिस पर प्रशासन ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए पुरानी व्यवस्था को ही लागू रखने का निर्णय लिया है। इससे स्थानीय युवाओं और व्यापारियों में खुशी की लहर है।

### दो दिनों से जारी आमरण-अनशन समाप्त

**रुद्रप्रयाग।** जिला प्रशासन की ओर से कच्ची दुकानों के आवंटन की निविदा निरस्त किए जाने के बाद ऊखीमठ तहसील परिसर में पिछले दो दिनों से चल रहा आमरण-अनशन समाप्त हो गया है। क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, त्रिभुवन चौहान और तहसीलदार रमेश सिंह रावत ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। व्यापारियों की एकजुटता और प्रशासन के सकारात्मक रुख ने इस गतिरोध को खत्म कर दिया।

### सरकार और प्रशासन का जताया आभार

रुद्रप्रयाग। निविदा प्रक्रिया निरस्त होने और पुरानी व्यवस्था बहाल रहने पर व्यापारियों में खुशी की लहर है। केदार घाटी श्रद्धालु सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप पुष्वाण, बीरेंद्र कोटवाल, जसवंत सिंह बिष्ट और यशपाल सिंह सहित समस्त व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक आशा नौटियाल, राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, गढ़वाल आयुक्त और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। व्यापारियों ने कहा कि इस निर्णय से हजारों परिवारों की आजीविका सुरक्षित हुई है।

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए उत्तराखंड के घराट

■ कभी पिसाई का एकमात्र साधन थे घराट, ■ सुनसान गदेरों के साथ हो गए लगभग समाप्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पहाड़ की जीवनशैली और लोकसंस्कृति का अहम हिस्सा रहे घराट अब इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं। कभी गांवों में अनाज पिसाने का एकमात्र साधन माने जाने वाले घराट आज सुनसान गदेरों और वीरान पगडंडियों के बीच अपनी अंतिम सांसें लेते दिखाई दे रहे हैं।

पहाड़ी इलाकों में बहते छोटे-छोटे गदेरे (जलधाराएं) घराटों की जीवनरेखा हुआ करते थे। इन गदेरों के किनारे लकड़ी और पत्थरों से बने घराटों में पानी की धार से चक्की चलती थी, जिसमें गांव के लोग गेहूं, मडुवा, झंगोरा और मक्का जैसे अनाज पिसवाते थे। उस दौर में घराट केवल पिसाई का साधन ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप के भी केंद्र हुआ करते थे। लोग अनाज की बोरियां लेकर आते, अपनी बारी का इंतजार करते और इसी दौरान गांव की खबरें, लोककथाएं और आपसी संवाद भी चलता रहता था। समय के साथ तकनीक और आधुनिकता ने पहाड़ की इस पारंपरिक व्यवस्था को पीछे छोड़ दिया। गांवों में बिजली से चलने वाली आटा चक्कियां और शहरों से पैक आटा आने लगा, जिससे घराटों की उपयोगिता धीरे-धीरे कम होती चली गई। इसके साथ ही पलायन की मार ने भी गांवों की रौनक कम कर दी। जहां कभी गदेरों के किनारे घराटों की खटर-पटर गूंजती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि कुछ दशक पहले तक हर गांव या उसके आसपास एक-दो घराट जरूर होते थे। घराट चलाने वाले परिवारों की आजीविका भी इसी से चलती थी। लेकिन अब अधिकांश घराट या तो जर्जर हो चुके हैं या पूरी तरह बंद हो गए हैं।पर्यावरण और लोकसंस्कृति से जुड़े जानकारों का मानना है कि घराट केवल पिसाई की पारंपरिक तकनीक ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण और प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली का भी उदाहरण थे। यदि इन्हें संरक्षित किया जाए तो ये ग्रामीण पर्यटन और पारंपरिक तकनीक के अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार और समाज मिलकर इस विलुप्त होती धरोहर को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी पहाड़ की इस अनूठी परंपरा को समझ सकें और उससे जुड़ाव महसूस कर सकें।

### कीर्तिनगर पुराने पुल पर अचेत अवस्था में मिला युवक

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत पुराने कीर्तिनगर पुल के पास एक युवक अचेत अवस्था पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को बेस चिकित्सालय श्रीकोट ले जाया गया, जहां युवक कि स्थिति ठीक बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह स्थानीय निवासी डा. मंयक जोशी द्वारा मोबाइल फोन से थाने को सूचना दी गई कि पुराना पुल कीर्तिनगर पर एक युवक पड़ा हुआ है। जिसने अपनी हाथ की नश काटी हुई है और काफी खून बह रहा है। बताय सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अपने वाहन से बेस अस्पताल श्रीकोट ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा युवक का चौकअप किया तो युवक कि पल्स चल रही थी। कुछ देर बाद ही युवक होश में आ गया। बताया कि युवक अब खतरे से बाहर है। युवक की शिनाख्त विपिन पुत्र (28) पुत्र गेंदा लाल निवासी रानीहाट थाना कीर्तिनगर के रूप में हुई है बताया कि युवक के परिजनों को सूचित किया जा चुका है।

# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रियों को मिलेगा भरोसेमंद स्वास्थ्य सुरक्षा कवच

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** स्वास्थ्य विभाग उत्तरकाशी चारधाम यात्रा में गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में आने वाले तीर्थयात्रियों भरोसेमंद स्वास्थ्य सुरक्षा कवच देगा।




स्वास्थ्य महकमा ने आगामी चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने के लिए व्यापक एवं सुनियोजित तैयारियों में जुट गये हैं। मां मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि यमुनोत्री धाम में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के करीब 35 लाख रुपये की लागत से प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि आपात परिस्थितियों में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात अस्पताल में बेड क्षमता बढ़ाकर चार कर दी जाएगी तथा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए समुचित आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि महानिदेशालय स्तर से तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दोनों धामों के प्रमुख यात्रा पड़ावों पर 08 एमबीबीएस चिकित्सकों के साथ प्रत्येक धाम में एक -एक फिजिशियन को जानकीचट्टी एवं गंगोत्री धाम में रोटेशन प्रणाली के आधार पर 15-15 दिनों के लिए तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर से जनपद को 20 बांडधारी चिकित्सकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है, जिससे चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यमुनोत्री एवं गंगोत्री पैदल मार्गों पर तैनात स्वास्थ्य मित्रों (एफएमआर) को पुन: प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार प्रदान करने में सक्षम बन सकें। इसी क्रम में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.सी. आर्य की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मित्रों के एक बैच को व्यावहारिक एवं उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोहित भंडारी, जानकीचट्टी प्रभारी डॉ. हरदेव पंवार, फार्मासिस्ट श्याम चौहान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 17 अप्रैल से बड़कोट दोबाटा एवं हीना चेकपोस्ट पर स्क्रीनिंग प्वाइंट पूर्ण रूप से संचालित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित यात्रा हेतु आवश्यक परामर्श प्रदान किया जा सके। यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव भंडेलीगाड़, बम्बूहाट एवं यमुनोत्री में 03 मेडिकल रिलीफ पोस्ट (एमआरपी) स्थापित की जा रही हैं, जहां जीवनरक्षक दवाइयों, ऑक्सीजन एवं ईसीजी जैसी अत्यावश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु दोनों धामों के यात्रा मार्गों पर 16 विभागीय एम्बुलेंस एवं 108 सेवा की 15 एम्बुलेंस (05 एएलएस एवं 10 बीएलएस) तैनात की जाएंगी, जिससे आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य मित्रों के दूसरे बैच को आगामी सप्ताह में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही राज्य स्तर से समय-समय पर आयोजित वर्चुअल बैठकों में प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद, समन्वित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## एक नजर.....

### पुरोला थली गांव से मिशन 2027 की गूंज सचिन कुमार के लिए ग्रामीण लामबंद

**पुरोला।** उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 में होने है लेकिन पुरोला विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती नजर आ रही हैं। नौगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत थली में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसने आगामी चुनावी समीकरणों को नई दिशा देने का संकेत दे दिया है। गांव के मालगुजार विनोद सिंह राणा, ग्राम प्रधान कृपाल सिंह राणा और समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में एकजुटता और बदलाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से विधायक प्रत्याशी सचिन कुमार के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। ग्रामीणों ने ध्वनिमत से यह संकल्प लिया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में सचिन कुमार को तन, मन और धन से सहयोग करेंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इस जनसमर्थन की लहर को पुरोला विधानसभा के अधिक से अधिक गांवों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास, युवाओं के भविष्य और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और विश्वास जताया कि सचिन कुमार इन मुद्दों को मजबूती से आगे बढ़ा सकते हैं। इस सामूहिक समर्थन ने यह साफ कर दिया है कि पुरोला विधानसभा में अब राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और गांव-गांव से उठ रही यह आवाज मिशन 2027 में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

### उत्तरकाशी घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश



**उत्तरकाशी।** 18 मार्च : पश्चिम एशिया में चल रहे तीव्र सैन्य तनाव के बाद जनपद में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग तड़के चार बजे सुबह से ही गैस गोदामों पर लंबी-लंबी कतारें में अपनी बारी का इंतजार रहे लेकिन कभी बारी नहीं आती तो कभी एलपीजी सिलेंडर गैस की सप्लाई ही नहीं आती जिससे लोगों को बेरंग लौटना पड़ रहा है। जिले भर में बीते एक सप्ताह से उपभोक्ता सिलेंडर के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। बुधवार को उत्तरकशी में स्थिति तब खराब हो गई, जब गैस गोदाम में सिलेंडर की सप्लाई ही नहीं पहुंची, जिससे आम लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश भी देखने को मिला। वहीं उपला टकनौर क्षेत्र के आठ गांवों के ग्रामीणों ने जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर मांग रखी कि उनके क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं की केवाईसी के लिए विशेष कैम्प लगाया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल सके और बार-बार शहर के चक्कर न लगाने पड़ें। ग्राम प्रधान अभिषेक रौतेला ने बताया कि उपला टकनौर के आठ गांवों के लोगों को केवाईसी कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर उन्होंने जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की, जिसके बाद रविवार को केवाईसी कैम्प लगाने का आश्वासन मिला है। वहीं जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी उत्तरकाशी आशीष कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग करने पर गैस सिलेंडर घर तक उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उपला टकनौर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए रविवार को केवाईसी कैम्प भी लगाया जाएगा।

# सिद्धपीठ कालीमठ में नवरात्र की तैयारियां पूर्ण



■ आज से शक्ति उपासना का महापर्व ■ 5 क्विंटल फूलों से सजा मां काली का दरबार ■ मंदिर समिति ने किए चाक-चौबंद इंतजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के प्रमुख शक्तिपीठों में शुमार सिद्धपीठ कालीमठ तीर्थ में बासंती (चौत्र) नवरात्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज से विधि-विधान और पौराणिक परंपराओं के साथ नौ दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। आस्था, शक्ति और साधना के इस केंद्र में मां काली, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र पर्व को भव्य बनाने के लिए मुख्य मंदिर और परिसर को विभिन्न प्रजातियों के पांच क्विंटल फूलों से सजाया गया है। कालीमठ मंदिर प्रबंधक प्रकाश पुरोहित ने बताया कि गाजियाबाद निवासी श्रीजल मिश्रा और विपिन चंद्र भट्ट के विशेष सहयोग से मंदिर का श्रृंगार किया गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा पेयजल, प्रकाश और स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू होने से पूरी कालीमठ घाटी में रौनक लौटने लगी है।

### रक्तबीज वध की साक्षी है यह पावन भूमि

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कालीमठ वही स्थान है जहां मां काली ने असुर रक्तबीज का संहार किया था। यहां देवी की प्रतिमा के स्थान पर एक पवित्र कुंड की पूजा की जाती है, जो इसे अन्य शक्तिपीठों से विशिष्ट बनाता है। केदारनाथ यात्रा मार्ग के समीप स्थित होने के कारण यात्री यहाँ दर्शन कर अपनी यात्रा पूर्ण मानते हैं।

### 9 दिनों तक गूंजेंगे मंत्र

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पंडित दिनेश चंद्र गौड़ के अनुसार, नवरात्र के दौरान मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन-यज्ञ और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन होगा। बद्री-केदार मंदिर समिति सहित स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में इस उत्सव को लेकर भारी उत्साह है। प्रतिदिन देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा।

### सुरक्षा और सुविधा पर जोर

ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग। मंदिर समिति ने स्पष्ट किया कि बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। स्थानीय प्रशासन और समिति के आपसी समन्वय से भीड़ नियंत्रण और पार्किंग की व्यवस्था को भी अंतिम रूप दिया गया है, ताकि भक्तों को सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें।

# पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 31 मार्च तक




**उत्तरकाशी।** 18, मार्च: श्री रामचंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी की नमामि गंगे समिति ने ग्रामीण स्वच्छता जागरूकता पदयात्रा कर श्रमदान रैली का आयोजन किया । बता दें कि पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में 16 से आगामी 31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान पीजी कॉलेज बच्चों के लिए चित्रकला,काव्य पाठ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

छात्र-छात्राओं ने बोंगा गांव में स्वच्छता रैली निकालते हुए इंद्रावती गार्ड के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया। प्राथमिक विद्यालय बोंगा के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला,काव्य पाठ व रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सुंदर पेंटिंग व रंगोली बनाई इसके साथ ही गंगा स्वच्छता पर अपने विचार भी रखे। वहीं इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

प्रतियोगिता में सूरज प्रथम, शीतल द्वितीय जबकि संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं काव्य पाठ प्रतियोगिता में शीतल प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय एवं आस्था तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर नमामि गंगे समिति की संयोजक डॉ. मधु बहुगुणा सदस्य , एनएसएस प्रभारी डॉ प्रदेव सिंह,डॉ .नेहा गोस्वामी, छात्र संघ अध्यक्ष विनय मोहन चौहान, सचिव शुभम चमोली प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अध्यापक एवं प्राथमिक विद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही है ।

# हर्षिल झाला में शराब की दुकान के आवंटन का विरोध



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** 18 मार्च : श्री 5 मन्दिर समिति गंगोत्री धाम और कांग्रेस कमेटी समेत स्थानीय लोगों ने हर्षिल झाला क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के आवंटन के विरोध में जिलाधिकारी को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि हर्षिल और झाला का क्षेत्र विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के मुख्य मार्ग पर स्थित है और यह क्षेत्र करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है।

पत्र में कहा गया है कि शराब की दुकान खुलने से यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ने की आशंका है, जिससे स्थानीय शांति-व्यवस्था और पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं में इस निर्णय को लेकर भारी आक्रोश है।

समिति ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि जनहित और इस पावन क्षेत्र की गरिमा को ध्यान में रखते हुए, हर्षिल झाला में प्रस्तावित मदिरा दुकान के आवंटन की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की शासन को संस्तुति भेजने की मांग उठाई है ।

वहीं ज्ञापन देने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष राणा, शीशपाल सिंह पोखरियाल, पपेंद सिंह नेगी, सूरज रावत, राखी राणा, समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे है।

# घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पड़ेगा भारी, होगी कानूनी कार्रवाई

■ जिलाधिकारी ने दिए डोर-टू-डोर गैस वितरण के निर्देश, गोदामों से सप्लाई पर रोक



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग और कालाबाजारी को रोकने के लिए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक इस्तेमाल कानूनन अपराध है। यदि कोई होटल, ढाबा संचालक या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

वर्तमान में वैश्विक कारणों से गैस आपूर्ति व्यवस्था पर कुछ असर पड़ा है। डीएम ने बताया कि गोदामों में स्टॉक की कोई कमी नहीं है, लेकिन भारी संख्या में फोन कॉल आने के कारण बुकिंग, डीएससी और ओटीपी जनरेशन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस वजह से गैस एजेंसियों पर भीड़ उमड़ रही है, जिससे कानून-व्यवस्था और सुचारू वितरण में दिक्कत आ रही है।

उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशन में उपभोक्ताओं को शीघ्र व सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गैस एजेंसियों से घरेलू गैस सिलेंडर वितरण को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। साथ ही सभी गैस एजेंसियां बुकिंग से संबंधित नगरीय क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पूर्व में स्वीकृत वितरण केंद्रों से ही गैस वितरण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जनपद के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करता है अथवा उसे अवैध रूप से भंडारण करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के अंतर्गत संचालित समस्त गैस उपभोक्ताओं सहित होटल, ढाबा संचालकों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों कोघरेलू गैस सिलेंडर का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करने के निर्देश दिए, साथ ही बताया कि जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर गैस एजेंसियों, गोदामों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाने की अपील की, साथ ही चेतावनी दी कि घरेलू गैस का अवैध भंडारण करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 30 और विशेषज्ञ चिकित्सक

■ विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने दी तैनाती प्रस्ताव को मंजूरी, कहा-विशेषज्ञों के आने से पर्वतीय क्षेत्रों में सुदृढ़ होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के स्वास्थ्य विभाग को 30 और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुमोदन दे दिया है। इसके साथ ही विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में और इजाफा हुआ है। पीजी कोर्स पूर्ण करने उपरांत विभाग में सेवाएं देने से आम लोगों को इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की विशेषज्ञता को लाभ मिलेगा साथ ही दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार की मंशा प्रत्येक चिकित्सा इकाईयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करना है।

इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग को 30 और नये विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद राज्य सेवा में लौटे इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को उनके विशेषज्ञता के अनुरूप विभिन्न जनपदों में एक यूनिट के रूप में तैनाती दी गई है ताकि विशेषज्ञ चिकित्सकों का आपसी समन्वय बना रहे और मरीजों को आसानी से उपचार मिल सके। जिसमें बागेश्वर जनपद में एक-एक ईएनटी, ऑब्स एंड गायनी तथा एनेस्थीसियोलॉजी की



तैनाती की गई है। इसी प्रकार पौड़ी जनपद में जनरल सर्जरी, रेस्पेरेट्री मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स के एक-एक विशेषज्ञ चिकित्सक जबकि जनरल मेडिसिन व ऑब्स एंड गायनी के 2-2 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी गई है। पिथौरागढ़ में ऑब्स एंड गायनी, पैथोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, एमडी माइक्रोबायोलॉजी के एक-एक विशेषज्ञ चिकित्सक भेजे गये हैं। रूद्रप्रयाग में पीडियाट्रिक्स, जनरल मेडिसिन तथा एमडी एनेस्थीसियोलॉजी, हरिद्वार में कम्युनिटी मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी तथा एमएस जनरल सर्जरी, उत्तरकाशी में जनरल सर्जरी, ईएनटी, एमडी एनेस्थीसियोलॉजी, ऑप्थलमोलॉजी, चमोली में जनरल मेडिसिन, एमएस ईएनटी तथा देहरादून जनपद में एमडी पैथोलॉजी, एनेस्थीसियोलॉजी व एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन की तैनाती की गई है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से न सिर्फ प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र सुदृढ़ होगा बल्कि आम लोगों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से उचित उपचार मिलेगा। साथ ही चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को भी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों को इन जनपदों में मिली नवीन तैनाती

पीजी कोर्स के बाद विभाग में लौटे विशेषज्ञ चिकित्सकों को एक यूनिट के रूप में विभिन्न जनपदों में नवीन तैनाती दी गई। जिसमें डॉ. मुकेश वर्मा को जिला चिकित्सालय बागेश्वर, डॉ. सोनम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरूड़ तथा डॉ. शिप्रा चन्द्रा को मुख्य चिकित्साधिकारी बागेश्वर के अधीन तैनाती दी गई है। इसी प्रकार डॉ. दीपिका, डॉ. आशीष सांगवान व डॉ. मोनिका नौटियाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीरोंखाल पौड़ी, डॉ. दीक्षा बिष्ट व डॉ. गरिमा उप जिला चिकित्सालय थलीसैण, डॉ. शिल्पी व डा. प्रीति गौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाबौं, डॉ. संजय डालाकोटी को उप जिला चिकित्सालय कोटद्वार में तैनाती दी गई है। डॉ. रूचिका कविदयाल, डॉ. कमल किशोर, डॉ. निवेदिता सजवाण व डॉ. मणि भूषण पंत को जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़, डॉ. हेमा असवाल, डॉ. गिरीश सिंह रावत व डॉ. किरण रावत को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्तमुनि, डा. भारती बलूनी को जिला चिकित्सालय हरिद्वार, डॉ. पल्लवी वर्मा व डॉ. गार्गी त्यागी को उप जिला चिकित्सालय रूड़की, डा. सीमा शर्मा को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, डॉ. आजम अकील को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कोट, डॉ. गौरव कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ तथा डॉ. लोकेश कुमार को मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी के अधीन नवीन तैनाती मिली है। इसी प्रकार डॉ. श्रेय कुमार को जिला चिकित्सालय चमोली, डॉ. अमन सैफी को उप जिला चिकित्सालय गैरसैंण, डॉ. शैफाली देउपा को उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश, डॉ. अंजली पंवार को उप जिला चिकित्सालय विकासनगर तथा डॉ. नितिन मलिक को जिला चिकित्सालय कोरोनेशन देहरादून में तैनाती दी गई है।

सूबे में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निरंतर तैनाती की जा रही है। 30 और नये विशेषज्ञ चिकित्सक आने से प्रदेश की चिकित्सा सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी, जिसका लाभ सीधे तौर पर आम लोगों को मिलेगा। -
**डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

# 15 हजार के इनामी सहित तीन शातिर गिरफ्तार, 4 लाख की ज्वैलरी बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी में अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए दून पुलिस ने कैंट थाना क्षेत्र में हुई चोरी की बड़ी घटना का सफल खुलासा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर गठित पुलिस टीम ने एक शातिर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 15 हजार रुपये का इनामी बदमाश भी शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से करीब 04 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, एक अवैध खुखरी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।

मामले के अनुसार, वादी ऋषभ देव तिवारी ने थाना कैंट में तहरीर दी थी कि उनके गजियावाला स्थित पैतृक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने ज्वेलरी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों के सत्यापन के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने लगातार प्रयासों के बाद एम.एच. रोड स्थित पोस्ट ऑफिस तिराहे के पास चेकिंग के दौरान एक स्कूटी पर सवार तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सैंटी साहनी, संजय साहनी और लक्ष्मण साहनी के रूप में हुई।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बरामद ज्वेलरी कैंट क्षेत्र की अलग-अलग घटनाओं से संबंधित है। पकड़े गए अभियुक्तों में से सैंटी साहनी पिछले 11 महीनों से फरार चल रहा था, जिस पर एसएसपी देहरादून द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त मूल रूप से हिमाचल प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं, जो वर्तमान में देहरादून के अलग-अलग क्षेत्रों में रह रहे थे।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी की ज्वेलरी के साथ ही एक अवैध खुखरी भी बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है और उनके विरुद्ध देहरादून व शिमला के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# एलपीजी वितरण को लेकर कांग्रेस फैला रही अफवाह और झूठ : भाजपा



■ पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पर विपक्षी प्रोपेगैंडा की खुली पोल: खजान दास , जनता कांग्रेस से समझदार और राष्ट्रभक्त, संकट में मजबूती से राष्ट्रनीति के साथ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने एलपीजी वितरण को लेकर कांग्रेस पर अफवाह और झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। प्रदेश प्रवक्ता राजपुर विधायक खजान दास ने कहा, गल्फ युद्ध से जहाजों के आने और गैस एजेंसियों पर स्थिति सामान्य नजर आने से अब विपक्षी प्रोपेगैंडा की पोल पूरी तरह खुल गई है।

उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर पारदर्शी नीति अपनाई हुई है। जिसमें बताया गया है कि तेल को लेकर हमारे पास 90 दिन का रिजर्व स्टॉक, जिसके इस्तेमाल की नौबत तक नहीं आई है और ईरान से जहाज भी पहुंचने लगे हैं। इसी तरह पीएनजी और सीएनजी को लेकर भी किसी भी तरह की दिक्कत देश को नहीं है। जहां तक सवाल है एलपीजी सिलेंडरों का तो उसमें भी पहले ही देश ने इसके अंतरिक उत्पादन को 30 फीसदी बढ़ा दिया है। वहीं खाड़ी से भी दो जहाज शिवालिक और नंदा देवी आए हैं और एक और जहाज आने वाला है।

उन्होंने कहा, खाड़ी युद्ध के विश्व संकट से उपजी समस्या को बढ़ा चढ़ा कर और अफवाह फैलाने की दृष्टि से विपक्ष जो प्रयास कर रहा था, अब उसकी पोल पूरी तरह खुल गई है। प्रदेश और देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर पूरा भरोसा है, यही वजह है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का भ्रम और झूठ फैलाने के बावजूद देश में बहुत कम असामान्य दृश्य नजर आया है। मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से नकारात्मक प्रोपेगैंडा फैलाने के साथ कांग्रेस अब राजनैतिक नौटंकी सड़कों पर कर रही है। इनका मकसद स्पष्ट है, अराजकता फैले और उसका राजनैतिक लाभ उठाया जाए। लेकिन जनता कांग्रेस के दिल्ली और राज्य में बैठे नेताओं से कही अधिक समझदार और राष्ट्रभक्त है, वो हमेशा की तरह इस संकट में भी देश के साथ मजबूती से खड़ी है।

# कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने को अनुदान की घोषणा

**देहरादून।** स्नैकिंग, पेट केयर और फूड एंड न्यूट्रिशन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कंपनी मार्स, इनकॉरपोरेटेडने अपने समाज-सेवी मंच मार्स इम्पैक्ट फंड के माध्यम से 7,26,000 अमेरिकी डॉलर के वैश्विक अनुदान की घोषणा की है। यह फंड कंपनी की सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य उन जगहों पर सकारात्मक और लंबे समय तक असर डालने वाले काम करना है, जहां कंपनी काम करती है। इस वैश्विक पहल के तहत भारत को मुख्य फोकस मार्केट बनाया गया है। यहाँ ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स के साथ मिलकर सड़कों पर रहने वाले कुत्तों की संख्या को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करने का काम किया जाएगा।अलोकपर्णा सेनगुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स इंडिया ने कहा, सड़क के कुत्तों से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है इंसान और कुत्तों के बीच बढ़ता टकराव।

# सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन की तैयारी

■ परेड ग्राउंड में होगा मुख्य कार्यक्रम ऑटोमेटेड पार्किंग, कैब सेवा और आधुनिक आईसीयू सेंटर की मिलेगी सौगात



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्य सरकार के चार सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद देहरादून सहित पूरे प्रदेश में विधानसभावार उत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। जनपद में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने बुधवार को ऋषिपर्णा सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के इस अवसर को भव्य और सुव्यवस्थित बनाया जाए।

परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के दौरान जनपद वासियों को कई बड़ी सौगातें मिलेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में तिब्बती मार्केट स्थित ऑटोमेटेड पार्किंग, नई कैब सेवा और आधुनिक इंटेंसिव केयर सेंटर (आईसीयू) का विधिवत लोकार्पण एवं अनावरण किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत नए विकास कार्यों का शिलान्यास भी प्रस्तावित है।

जनता की सुविधा के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण के साथ-साथ महिलाओं व युवतियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पृथक स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया है कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का सेटअप मौके पर ही लगाया जाए, ताकि दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र निर्गत करने और सहायक उपकरणों के वितरण की त्वरित व्यवस्था हो सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति, जल संस्थान को पेयजल और नगर निगम को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी। लोक निर्माण विभाग को मंच निर्माण व बैरिकेडिंग और पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रवीन, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एआई टूल्स के साथ वीवो वाइZ51 प्रो 5जी लॉन्च

**देहरादून।** वीवो इंडिया ने अपने वाई सीरीज में नया स्मार्टफोन वीवो वाई51 प्रो 5जीलॉन्च किया। नया वाई51 प्रो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है। वीवो इंडिया के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस ऑफिसर गीताज चन्नाना ने कहा वीवो में हमारा मानना है कि इनोवेशन ऐसा होना चाहिए जो यूजर्स के रोजमर्रा के जीवन और काम करने के तरीके को सही मायने में सपोर्ट करे। वाई51 प्रो 5जी को उन यूजर्स को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है जो पूरे दिन प्रोडक्टिव, कनेक्टेड और एंटरटेंड रहने के लिए अपने स्मार्टफोन पर भरोसा करते हैं।

# गंगा-जमुनी संस्कृति के संवर्धन को महासभा प्रतिबद्ध: मोहित

■ देव भूमि महासभा उत्तराखंड की बैठक बालावाला ,डोईवाला में संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हर्रावाला।** डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के सैनिक कालोनी, बालावाला में देव भूमि महासभा उत्तराखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया, जिनमें बालावाला सैनिक कालोनी पार्क निर्माण, यात्री विश्राम गृह, सीवेज कार्य के बाद सड़कों में बने गड्ढों की समस्या तथा क्षतिग्रस्त मार्गों के शीघ्र निर्माण की मांग शामिल रही। देव भूमि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कपरवाण शास्त्री ने कहा कि संगठन उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय रहता है।



बैठक में पहाड़ों से हो रहे पलायन, बढ़ती बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, स्वास्थ्य व शिक्षा की खस्ताहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित उनियाल ने कहा कि महासभा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संकल्प लिया कि समाज के गरीब, शोषित व वंचित वर्ग, विशेषकर जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

साथ ही गंगा-जमुनी संस्कृति एवं उत्तराखंड की समृद्ध पौराणिक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए महासभा निरंतर कार्य करेगी।

बैठक में उत्तराखंड आंदोलन में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के संघर्ष को याद करते हुए राज्य के महान आंदोलनकारियो वीर चंद्र सिंह गढ़वाली, श्रीदेव सुमन, इंद्रमणि बडोनी, गौरा देवी, सुंदरलाल बहुगुणा व उत्तराखंड आंदोलन में अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

बैठक में महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सेमवाल, नगर निगम पार्षद देवी दयाल, धर्म गुरु राजेंद्र प्रसाद मैठाणी, अनुराग कुकरेती, पूर्व प्रधान मूलचंद शीर्षवाल, पूर्व उप प्रधान अरुण पाल, सचिन उनियाल, राहुल सिंह खरोला, एस एन ढौंढियाल, भारत शर्मा,के पी कपरवान, मुकेश भट्ट, डॉ. धीरेन्द्र सिंह राणा, सतीश शाही, मूर्ति राम चमोली, शुभम खरोला,पार्वती देवी, प्रीतम सिंह, डी एस पंवार, कैप्टन गब्बर सिंह रावत, कैप्टन गोविंद सिंह रावत, कैप्टन आनंद सिंह रावत, राजकुमार, सुशील कोठारी, मनवीर सिंह नेगी, आर एस नेगी, मुन्नी देवी,सरिता देवी, संजू,दीपा देवी व सीमा देवी आदि उपस्थित रहे।

# एआई व डिजिटल मीडिया ने सूचना के स्वरूप को बदला: राज्यपाल

■ लोक भवन में मीडिया व जनसंचार विशेषज्ञों की बैठक का आयोजन एआई युग की मीडिया व शिक्षा में सुधार पर किया मंथन



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में लोक भवन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के मीडिया व जनसंचार विभागों के विभागाध्यक्षों, डीन और प्रमुख मीडिया विशेषज्ञों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में 'एआई युग और डिजिटल सूचना पारिस्थितिकी तंत्र में मीडिया शिक्षा चुनौतियाँ, नैतिकता और अवसर' विषय पर व्यापक मंथन किया गया।

बैठक में रास बिहारी बोस सुभारती विवि के तहत एलजीएसबी सुभारती कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो. शील शुक्ला ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार रखे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि एआई और डिजिटल मीडिया ने सूचना के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है, ऐसे में मीडिया शिक्षा को समयानुकूल बनाना अनिवार्य है।प्रो. शील शुक्ला ने पत्रकारिता पाठ्यक्रम में क्राइसिस व डिजास्टर कम्युनिकेशन को शामिल करने तथा पत्रकारिता में प्रवेश को एक कॉमन एंट्रेंस परीक्षा लागू करने का सुझाव दिया।

बैठक में दून विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस विमर्श में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों ने एआई के बढ़ते प्रभाव, उसके जिम्मेदार उपयोग, मीडिया नैतिकता, फैक्ट-चेकिंग व्यवस्था और व्यावहारिक शिक्षा पर जोर दिया।

# रेखा आर्या ने किया 110 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

■ संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून /अल्मोड़ा।** सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के न्याय पंचायत सोमेश्वर में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मौके पर ही 110 से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया। कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान गैस कनेक्शन, सड़क, पेंशन, फसल सुरक्षा के लिए तारबाड़, पेयजल और राशन कार्ड जैसी प्रमुख समस्याएं सामने आईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एक राशन की दुकान से नियमित वितरण न होने की शिकायत पर जांच के आदेश देते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया, जिसमें 110 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान पात्र महिलाओं भावना गोस्वामी, रेखा बोरा और नेहा को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार जनहित और विकास के कार्यों को दफ्तरों से निकालकर जनता के दरवाजे तक पहुंचा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राम शरण शर्मा, एसडीएम संजय कुमार, मंडल अध्यक्ष सुंदर राणा, विधायक प्रति. निधि भुवन जोशी, मंडल महामंत्री कृष्णा भंडारी, उमेश मेहरा, खड़क सिंह, लाल सिंह, बंशीधर जोशी, धर्मेंद्र बिष्ट, महेश पांडे, विनोद मेहरा, प्रकाश भंडारी, सुरेश बोरा, नरेंद्र नेगी, दिलीप रौतेला, वसंत खेड़ा, बबलू बोरा, रंजीत रावत, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दून में ईद की रौनक: बाजारों में उमड़ी भीड़

■ पल्टन बाजार व धामावाला में देर रात तक खुल रही दुकानें

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** ईद का त्योहार नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक चरम पर पहुंच गई है। यदि 19 मार्च को चांद दिखाई देता है तो 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी, ऐसे में लोगों ने खरीदारी तेज कर दी है। पल्टन बाजार व धामावाला में कपड़े, जूते, इत्र, फल, मेवे और कॉस्मेटिक्स की दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

पल्टन बाजार व धामावाला में इन दिनों शाम ढलने के बाद भी चहल-पहल बनी हुई है। आम दिनों में जल्दी बंद हो जाने वाला बाजार देर रात तक गुलजार नजर आ रहा है। खरीदारों की बढ़ती संख्या से दुकानदार भी उत्साहित हैं। दुकानदार प्रमोद गोयल, मनीष गुप्ता और अरविंद ने बताया कि ईद को देखते हुए पहले से ही नया स्टॉक मंगवा लिया गया था। सबसे ज्यादा मांग कपड़ों और जूतों की है, और आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, टेलर की दुकानों पर भी भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग नए कपड़े सिलवाने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन पहले से बुकिंग होने के कारण अधिकांश टेलर नए ऑर्डर लेने से मना कर रहे हैं। ईद की तैयारियों के तहत मुस्लिम समुदाय के लोग अपने घरों को सजा रहे हैं। बाजार स्थित जामा मस्जिद भी रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रही है, जो त्योहार के माहौल को और खास बना रही है।

हालांकि, ईद की तारीख को लेकर अभी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। चांद दिखने पर ही तय होगा कि ईद 20 मार्च को मनाई जाएगी या 21 मार्च को। लोगो नं तैयारी शुरू कर दी है।

## सामाजिक समरसता की मिसाल भी दिखी

एक ओर जहां उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर धार्मिक स्थलों में मुस्लिम समुदाय के प्रवेश को लेकर रोक के फरमान जारी होने की खबरें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर ईद की खरीदारी में मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में हिंदू दुकानदारों से सामान खरीदते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की एक सकारात्मक तस्वीर भी पेश कर रहा है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जगजीतपुर मेडिकल कालेज शुरू नहीं होने पर कांग्रेस ने उठाए सरकार और प्रशासन पर सवाल

## जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल, मेडिकल कालेज पर लटके हैं ताले : अनिता शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जगजीतपुर मेडिकल कालेज शुरू नहीं होने और भूपतवाला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मेयर अनिता शर्मा और विधायक रवि बहादुर ने आरोप लगाया कि नगर निगम की कीमती जमीन पर बना मेडिकल कालेज पूरी तरह संचालित नहीं हो पाने के कारण स्थानीय लोगों को इलाज के लिए ऋषिकेश एम्स, जौलीग्रांट और अन्य स्थानों की दौड़ लगानी पड़ रही है। प्रैसवार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में चूहों के शव कुतरने का मामला भी उठाया और सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति नीतियों पर सवाल खड़े किए।

पूर्व मेयर अनिता शर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में नगर निगम बोर्ड ने सभी पार्षदों की सहमति से जगजीतपुर स्थित नगर निगम की भूमि मेडिकल कालेज निर्माण के लिए निःशुल्क दी गयी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं और मेडिकल कालेज पर ताले लटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में कई घायल और गंभीर रूप से बीमार लोग रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। जिला अस्पताल की मोर्चरी में चूहों द्वारा शव कुतरने का मामला उठाते हुए कहा कि इससे अस्पतालों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द अस्पताल शुरू कराने की मांग की।

ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेडिकल कालेज भी ठीक ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा है। आज भी मरीजों को बाहर के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों की जमीन फ्री में देकर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कहा कि मेडिकल कालेज शुरू करने की मांग को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि वर्षों बाद भी सरकार नगर निगम द्वारा निःशुल्क दी गयी भूमि बने अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा कि यदि सरकार मेडिकल कालेज नहीं चला पा रही है तो भूमि वापस ली जाए। अमन गर्ग ने कहा कि भूपतवाला अस्पताल में भी चिकित्सकों, स्टाफ और अन्य सुविधाओं का भारी अभाव है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि निःशुल्क जमीन दिए जाने का प्रावधान नहीं होने के बावजूद तत्कालीन मेयर अनिता शर्मा एवं पार्षदों ने जनहित को देखते हुए जिला प्रशासन के कहने पर कोरोना काल में बोर्ड की बैठक बुलाकर मेडिकल कालेज के निःशुल्क भूमि दी। करोड़ों की लागत से मेडिकल कालेज का निर्माण होने के बाद भी स्थानीय लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द मेडिकल कालेज का संचालन शुरू नहीं किया गया तो कांग्रेस गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी।

कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने आरोप लगाया कि सरकार मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी में थी। लेकिन कांग्रेस के विरोध के चलते इसे रोका गया। उन्होंने कहा कि जब शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस जन आंदोलन करने को बाध्य होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार होने के बावजूद जनता को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो चिंता का विषय है। प्रेसवार्ता में पूर्व सभासद अशोक शर्मा, रकित वालिया, सुंदर सिंह मनवाल दिनेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, पार्षद सुनील कुमार, विवेक भूषण विक्की, हिमांशु गुप्ता, पुनीत कुमार, सतेंद्र वशिष्ठ, आशु भारद्वाज, देवेश गौतम, हिमांशु बहुगुणा, बृजमोहन बड़थ्वाल, अनिल ठाकुर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के नेताओं ने हरिद्वार दौरे पर आए अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष किशोर मकवाना पटका पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराने की मांग की। रोशनाबाद स्थित जिला सभागार में आयोग अध्यक्ष के साथ सफाई मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्च के नेताओं सुरेन्द्र तेश्वर व राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि दिसंबर 2025 में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 10 वर्ष से कार्यरत संविदा कर्मियों को नियमित करने के आदेश दिए थे। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मियों को नियमित नहीं किया गया है। इस दौरान सुरेंद्र तेश्वर व राजेंद्र श्रमिक ने प्रमोशन मिलने के बाद हरिद्वार नगर निगम से अल्मोड़ा नगर निगम स्थानांतरित हुए सहायक लेखाकार की हरिद्वार नगर निगम में वापसी का विरोध करते हुए आयोग अध्यक्ष को पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर सुरेन्द्र तेश्वर, राजेन्द्र श्रमिक के अतिरिक्त भंवर सिंह, प्रवीण कुमार, राजेश छाछर, पूनम वाल्मीकि, आनंद कुमार, संजय घावरी, जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# ईद पर्व के आयोजन को लेकर पुलिस ने क्षेत्रवासियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत ज्वालापुर कोतवाली में बैठक का आयोजन किया गया। सीओ ज्वालापुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में सभी समुदाय के संभ्रांत व्यक्ति, इमाम, पार्षद एवं व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद रहे। कोतवाली प्रांगण में आयोजित बैठक में सीओ ज्वालापुर संजय चौहान व कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने सभी से ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, नमाज को दौरान रोड बाधित न करने एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। सीओ संजय चौहान ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट ना डालें जिससे किसी की धार्मिक भावना को आहत पहुंचे। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस तरह की



कोई पोस्ट या भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गयी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने ईद-उल-फितर को सकुशल संपन्न कराएं जाने हेतु शासन प्रशासन को पूरा पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

# 10 उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

## करीब साढ़े तीन लाख की वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर शिवालिक नगर क्षेत्र में बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में विभाग की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही साढ़े तीन लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। बुधवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान जेई राव शाहबाज की टीम ने




कई बकाया उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे। विभाग द्वारा कुल 10 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, जिन पर लंबे समय से बकाया चल रहा था। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। जेई राव शाहबाज ने कहा कि बकाया बिल जमा न करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि इस प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

# सच्चे मन और श्रद्धा से की गई उपासना से मां भगवती होती है प्रसन्न : डा. रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने श्रद्धालुओं को नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराते हुए नौ देवियों के स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने नवरात्र में किए जाने वाले पूजा-विधि और उसके फल के बारे में भी जानकारी दी। श्रीमहंत डॉ. रविंद्र पुरी ने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना का विशेष महत्व है। प्रथम दिन मां शैलपुत्री, द्वितीय दिन ब्रह्मचारिणी, तृतीय दिन चंद्रघंटा, चतुर्थ दिन कूष्मांडा, पंचम



दिन स्कंदमाता, षष्ठम दिन कात्यायनी, सप्तम दिन कालरात्रि, अष्टम दिन महागौरी और नवम दिन सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में साधक श्रद्धा और भक्ति के साथ मां की आराधना करते हैं, जिससे उन्हें शक्ति, ज्ञान और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि और साधना का भी समय है। इस दौरान संयम, सात्विक आहार और सकारात्मक विचारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे विधि-विधान से मां की पूजा करें और अपने जीवन में सदाचार को अपनाएं। श्रीमहंत डॉ. रविंद्र पुरी ने बताया कि पूजा के दौरान कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन और श्रद्धा से की गई उपासना से मां भगवती प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

# सुभाष नगर में गुलदार आने से लोगों में दशहत

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा घरों के बाहर टहल रहे गुलदार का वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जंगली जानवरों का आबादी में आने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात बीएचईएल से सटे सुभाष नगर में एक गुलदार घूमता देखा जाने से कालोनी में दहशत का माहोल है। घटना सुभाष नगर की बी-11 गली की है, जहां देर रात गुलदार घरों के बाहर टहलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। मंगलवार की रात एक गुलदार जंगल से निकलकर कालोनी में पहुंच गया। गुलदार काफी देर तक गली में इधर-उधर घूमते हुए बाहर निकलने का रास्ता तलाशता रहा। गली में मौजूद कुत्तों के लगातार भौंकने से



घबराकर आखिरकार गुलदार वापस जंगल की ओर चला गया। कालोनी में गुलदार आने की घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीएचईएल से सटी कालोनी के दूसरी ओर वन क्षेत्र पड़ता है। जिससे अक्सर वन्यजीव आबादी की ओर आ जाते हैं। लोगों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई करते हुए गुलदार की आवाजाही पर रोक लगाने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में रोजा इफ्तारी, अधिवक्ताओं ने दिया भाईचारे का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बुधवार को मुस्लिम अधिवक्ता गणों द्वारा सेक्टर तीन स्थित स्पाइसी विलेज रेस्टोरेंट में रोजा इफ्तारी का आयोजन बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक अधिवक्ता एकत्रित हुए और आपसी भाईचारे तथा एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन रमजान के पवित्र महीने के महत्व को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर इफ्तार किया। रोजा इफ्तारी के मुख्य आयोजक रियाज अली एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में सभी अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी हिस्सेदारी निभाई और इसे सफल बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हैं और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

इफ्तार के दौरान पारंपरिक व्यंजनों के साथ खजूर, फल और अन्य खाद्य पदार्थों का विशेष प्रबंध किया गया था। सभी अधिवक्ताओं ने मिलकर रोजा खोला और देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। इस अवसर पर मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और सेवा का संदेश देता है, और इस तरह के आयोजन समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम का समापन आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ हुआ, जिसमें सभी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की बात कही। रोजा इफ्तारी प्रोग्राम में उस्मान एडवोकेट दिलशाद, एडवोकेट तौशिबा, शाहनवाज, फुरकान अली




आरिफ एडवोकेट, एडवोकेट जाकिर, एडवोकेट अफजल अंसारी, एडवोकेट मासूम, एडवोकेट सज्जाद अहमद, एडवोकेट कुर्बान अली, एडवोकेट उस्मान आरिफ, यूनुस मलिक,एडवोकेट फरमुद अंसारी, एडवोकेट, हाजी युनुस, अनस अंसारी एडवोकेट, शमशेर अली एडवोकेट, जैकब अली, बेबी नाज, अंजुम, अफसाना, खुशबू, सुहैब आलम, शेर अली एडवोकेट, पार्षद अहसान अंसारी आदि ने शिरकत की।

# ब्लैकलिस्टिंग आदेश पर भड़के ट्रांसपोर्टर, हड़ताल की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल-बहादराबाद क्षेत्र में ट्रांसपोर्टरों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश का विरोध किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मुस्तफा ने इस आदेश को "तुगलकी फरमान" बताते हुए कहा कि यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो ट्रांसपोर्टर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से राजा बिस्किट फैक्ट्री के पीछे खड़े वाहनों को लेकर विभाग की सख्ती से ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों में चिंता बढ़ी है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि शाम 5 से रात 9 बजे तक नॉन-एंट्री के कारण पार्किंग की समस्या बढ़ती है, जिससे वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं। एसोसिएशन ने वैकल्पिक पार्किंग और समय में बदलाव के सुझाव भी दिए हैं। जिलाध्यक्ष रियाज अहमद ने कहा कि केवल ब्लैकलिस्टिंग से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि इससे ट्रांसपोर्ट व्यवस्था और उद्योग प्रभावित होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान न होने पर पहले जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी और फिर संयुक्त बैठक कर हड़ताल जैसे विकल्प पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, एआरटीओ निखिल वर्मा ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे वाहन खड़ा कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अब केवल चालान ही नहीं, बल्कि ऐसे वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा जो यातायात व्यवस्था में बाधा बन रहे हैं।

# पुलिस ने बरामद किए 50 लाख कीमत के 120 मोबाइल फोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने गुम हुए 120 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों से बरामद किए गए 50 लाख रूपए कीमत के मोबाइल फोन एसएसपी नवनीत सिंह ने फोन के वास्तविक मालिकों को सौंपे। मोबाइल फोन उत्तराखण्ड सहित उत्तर प्रदेश, गुजरात, सिक्किम, महाराष्ट्र, आन्ध्र-प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू कश्मीर आदि राज्यों से बरामद किये गए हैं। उम्मीद खो चुके लोगों ने गुम हुआ फोन वापस मिलने पर पुलिस का अभार जताया। दूसरे राज्यों के 37 लोगों के फोन लेने हरिद्वार नहीं आ पाने के कारण पुलिस कोरियर सर्विस के माध्यम से उन्हें उनके फोन भेजेगी। एसएसपी नवनीत सिंह ने ऑपरेशन रिकवरी के तहत गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए सभी थाना प्रभारियों को सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस टीम ने पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर तेजी से कार्यवाही करते हुए विभिन्न राज्यों से 120 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले। एसएसपी ने आमजन से अपील की कि यदि आपका मोबाइल फोन खो जाता है तो घबराएं नहीं। इसकी सूचना संबंधित थाने को दें। पुलिस आपका फोन ढूंढकर के उपलब्ध कराएगी।

# एसएसपी ने बहादराबाद में नवनिर्मित फायर स्टेशन का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** एसएसपी नवनीत सिंह ने बहादराबाद में नवनिर्मित फायर स्टेशन का उद्घाटन किया। फायर स्टेशन बनने अग्निकांड होने की स्थिति में क्षेत्र की जनता को तत्काल राहत मिलेगी और मायापुर व सिडकुल फायर स्टेशन दबाव कम होगा। फायर स्टेशन के उद्घाटन के दौरान एसपी क्राईम निशा यादव व एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने विधि विधान से पूजापाठ कर बहादराबाद क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित फायर स्टेशन भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान एसएसी ने वृक्षारोपण भी किया ओर पर्यापरण संरक्षण का संदेश दिया। उद्घाटन



के पश्चात फायर स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने नियुक्त स्टॉफ को पूरी जिम्मेदारी के साथ आगजनी की घटनाओं की रोकथाम करने एवं आमजन की मदद के लिए हर समय तैयार रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने अग्निकांड की घटना के दौरान क्वीक रिस्पांस को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिन्दु बताया।

# सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में दुर्गा चौक अंडरपास के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार में आग लगने से अफरातफरी मच गयी। कार में अचानक लगी आग तेजी से फैली और ऊंची लपटों ने कार को पूरी तरह चपेट में ले लिया। देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धूकर जलने लगी। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त कार में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस और फायर विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन आग बूझने तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। कार में आग लगने के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। दमकल विभाग कार में आग लगने के कारणों की



जांच कर रहा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी बताया जा रहा है। ईद पर्व के आयोजन को लेकर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने की क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक

# "सृजन" में नन्हे कलाकारों का जलवा, 125 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एम०सी०एस० सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर विंग द्वारा "सृजन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 3 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए आर्ट सेशन तथा 6 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए कला, स्टोरी टेलिंग और पोएट्री रेसिटेशन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न विद्यालयों से आए करीब 125 बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन स्थल पर मनोरंजक गतिविधियों और स्टॉल ने माहौल को आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को



पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव डॉ. अशोक शास्त्री, निदेशिका डॉ. विशाखा कुमार और प्रधानाचार्य नीलम बख्शी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# दिल्ली, रेड आर्मी और नॉर्थ इर्स्टन जयपुर ने दर्ज की जीत

## ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला बॉस्केबॉल एसोसिएशन द्वारा प्रेमनगर आश्रम में आयोजित किए जा रहे मां गंगा ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दिल्ली व नॉर्थ इर्स्टन रेलवे के बीच खेले गए मैच में दिल्ली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 92-61 से जीत हासिल की। रेड आर्मी और चंडीगढ़ के बीच खेले गए मैच में रेड आर्मी ने 90-75 से जीत हासिल की। नॉर्थ इर्स्टन जयपुर और सीआईएसएफ के बीच खेले गए मैच में नॉर्थ इर्स्टन जयपुर ने सीआईएसएफ को 88-76 से हराया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता किरणपाल वाल्मीकि ने कहा कि खेल शारीरिक



और मानसिक विकास में सहायक हैं और खेल कैरियर का भी बेहतर माध्यम हैं। जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने कहा कि उत्तराखंड में पहली बार नेशनल लेवल का बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमें अच्छे खेल का प्रदर्शन कर रही हैं। उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की है। एसोसिएशन के जिला सचिव संजय चौहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि एसोसिएशन के प्रयासों से उत्तराखंड में बॉस्केटबॉल के प्रति युवाओं में रूझान बढ़ा है। कई अच्छे खिलाड़ी सामने आए हैं जो आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे। जिला चेयरमैन रवि बजाज ने बताया कि टूर्नामेंट में देश भर से 13 टीम महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रतिभाग कर रही हैं। अवधूत मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद महाराज ने टूर्नामेंट का आयोजन करने पर जिला बॉस्टेबॉल एसोसिएशन की सराहना की और टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही टीमों को बधाई दी। इस अवसर पर गुलशन अदलक्खा, ऋषि सचदेवा, आदित्य चौहान, जुगराज सिंह, अनिल मेहता, अंकुश रोहेला, अंकुर राणा, नीरज त्यागी, सतीश त्यागी, अनिल गोयल, अनुज वालिया, योगेश शर्मा, आनंद सागर, प्रकाश केशवानी, अर्श नैय्यर, मयंक मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सूचना ( खोया-पाया )

मेरा एक प्लाट नं. 121 क्षेत्रफल 960 वर्गफुट खसरा नं0 393 स्थित मोहन एन्कलेव ग्राम जमालपुरकलां परगना ज्वालापुर हरिद्वार जो कि दिनांक 31.08.2018 दस्तावेज नं0 6854 पर कार्यालय सब रजिस्ट्रार हरिद्वार में दर्ज है, जो कि श्री राजपाल पुत्र श्री गंगा बिशन निवासी ग्राम दयालपुर तहसील व जिला बल्लभगढ़ हरियाणा से खरीद किया हुआ है। मुझसे दिनांक 14.03.2026 को उक्त प्लाट की रजि0 द0नं0 7753 वालिया मार्ट जगजीतपुर से अपने घर बैलमन्डी जगजीतपरु हरिद्वार के रास्ते में कही वास्तव में गुम हो गई है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। शीतल वालिया पत्नी श्री यादराम निवासी बैलमन्डी जगजीतपुर, कनखल हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# देहरादून-मसूरी मार्ग पर करें एक अतिरिक्त वैली ब्रिज का निर्माण : जोशी

**कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा, पर्यटन सीजन से पहले दुरुस्त करें, व्यवस्थाएं अधिकारियों के साथ की बैठक**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए देहरादून मसूरी मार्ग पर स्थित वैली ब्रिज के संबंध में वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रस्तावित नए पुल के निर्माण से पूर्व अस्थायी (टेंपरेरी) वैली ब्रिज के निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से पर्यटन सीजन प्रारंभ होने जा रहा है, ऐसे में देहरादूनख्रमसूरी मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ेगा।

इसलिए समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए शीघ्र ही एक अतिरिक्त टेंपरेरी वैली ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ करें, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर डीएफओ मसूरी अमित कंवर एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोखड़ा में पशु प्रदर्शनी हुई आयोजित प्रदर्शनी में 47 पशुपालकों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय पशु चिकित्सालय पोखड़ा के तत्वावधान में विकासखंड पोखड़ा के ग्राम किमगड़ी में पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में क्षेत्र के 47 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों के दल ने पशुओं के स्वास्थ्य, कद-काठी एवं नस्ल की शुद्धता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। देशी गाय श्रेणी में बबीता देवी प्रथम, मनवर सिंह द्वितीय एवं बोदी देवी तृतीय स्थान पर रहे। बछिया श्रेणी में केशर सिंह प्रथम, बबीता देवी द्वितीय एवं गोदम्बरी देवी तृतीय रहीं। बकरी व भेड़ श्रेणी में समीर प्रथम, सौरभ रावत द्वितीय एवं लक्ष्मण पाल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। अन्य श्रेणी में सौरभ रावत प्रथम, उर्मिला देवी द्वितीय एवं कलम सिंह तृतीय रहे, जबकि बैल जोड़ी श्रेणी में सरोजनी देवी प्रथम, अनीता देवी द्वितीय एवं पंकज सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं तकनीकी मूल्यांकन पशु चिकित्सा अधिकारियों की टीम की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान द्वारा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप बड़े ड्रम एवं थर्मस प्रदान किए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विशाल शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पशु प्रदर्शनी से पशुपालकों को उन्नत नस्ल, बेहतर प्रबंधन एवं वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी भी पशुपालकों तक पहुंचाई जा रही है ।इस अवसर पर किमगड़ी ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी पोखड़ा डॉ. निशांत शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी दुगड्डा डॉ. दीपेश शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी सतपुली डॉ. ज्योति माला सहित पशुपालक उपस्थित रहे।

# वर्षा जल संचयन पर नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

**जल बचाओ-जीवन बचाओ का संदेश दिया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** कैण्ट इंटर कॉलेज चकराता द्वारा वर्षा जल संचयन विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से "जल बचाओ-जीवन बचाओ" की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, साथ ही छावनी परिषद चकराता के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

नुक्कड़ नाटक का लेखन विद्यालय के शिक्षक शूरवीर सिंह चौहान द्वारा किया गया, जिसे मुख्य अधिशासी अधिकारी रिपु दमन तथा प्रधानाचार्य वेदप्रकाश के मार्गदर्शन में छात्रों और शिक्षकों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के माध्यम से छावनी परिषद चकराता, जौनसार-बावर क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और आम नागरिकों को वर्षा जल संचयन के महत्व और उसके प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। नाटक में बताया गया कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल और सिंचाई की समस्या गंभीर रूप ले लेती है, जिसे वर्षा जल के संरक्षण और संग्रहण से काफी हद तक दूर किया जा सकता है।

होटल चकराता के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि घरों, बाग-बगीचों, खेतों, रेस्टोरेंट और होटलों के आसपास वर्षा जल संचयन की व्यवस्था कर जल संकट को कम किया जा सकता है।

नाटक में एक नेपाली मजदूर के पात्र के माध्यम से समाज के जिम्मेदार लोगों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उनकी जिम्मेदारियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया। इस अवसर पर चकराता व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, दिनेश चांदना, देवेंद्र सिंह, चंदन सिंह रावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण मौजूद रहे। नाटक में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में गरिमा, आराध्या तोमर, नव्या वर्मा, मानवी चौहान, सौम्या थापा, संस्कृति सुधा और पियूष सिंह शामिल रहे।

# वक्फ बोर्ड चेयरमैन शम्स ने बांटी सहायता किट



**अब्दुल कलाम आजाद पब्लिक स्कूल में बांटी गई ईद किट**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरूादन।** आजाद कॉलोनी स्थित अब्दुल कलाम आजाद पब्लिक स्कूल में ईद के उपलक्ष्य पर किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने जरूरतमंद लोगों को ईद किट वितरित कर उनकी सहायता की।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंच. ाना और त्योहार की खुशियां साझा करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस दौरान आबिद अली, गुलफाम शेख, मुस्तकीम हसन, वसीम अंसारी, अकबर मंसूरी, सलीम शाह और नवाबुद्दीन शाह आदि मौजूद रहे।

# डाकपत्थर महाविद्यालय में प्राकृतिक रंगों भूगतिकी और बायोएंजाइम पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में आयोजित एक विशेष व्याख्यान सत्र में विशेषज्ञों ने प्राकृतिक संसाधनों, पर्यावरण संरक्षण और सत्त जीवनशैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सीमाओं के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान की श्रेष्ठता पर जोर दिया गया।



सत्र का शुभारंभ डॉ राकेश जोशी ने किया, जिन्होंने 'डाइंग ऑफ वूल फाइबर्स सम नेचुरल डाइज एनवायरमेंट इंपेक्ट' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रकृति से प्राप्त प्राकृतिक डाईज (रंगों) जैसे पौधों, फलों और खनिजों से निकले रंगों के गुणों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. जोशी ने ऊन के रेशों को रंगने की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे किण्वन, उबाल और स्थिरीकरण के बारे में बताया।

उन्होंने पर्यावरण पर कृत्रिम रसायनों के हानिकारक प्रभाव को रेखांकित करते हुए प्राकृतिक रंगों को इको-फ्रेंडली विकल्प बताया। विशेष रूप से, उन्होंने चेतावनी दी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पूर्ण निर्भरता संभव नहीं, क्योंकि यह मानवीय अनुभव और स्थानीय ज्ञान की कमी छोड़ देती है।

डॉ कृष्ण नौटियाल ने 'जियोडाइनामिक्स-क्युस्ट फार सस्टाइनाबिल इंफ्रास इन द हिमालय' विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने हिमालयी क्षेत्र में मानवीय हस्तक्षेप जैसे अंधाधुंध निर्माण से उत्पन्न विनाशकारी प्रभावों पर प्रकाश डाला। डॉ रुचि बहुखंडी ने बायोएंजाइम्स फलों के छिलकों से बने प्राकृतिक क्लीनर के उपयोग से घरेलू सफाई, कृषि और पर्यावरण संरक्षण में योगदान पर चर्चा की।

मंच संचालन डॉ. आराधना ने किया। इस अवसर पर प्रो. राधेश्याम गंगवार, प्रो. अरविंद अवस्थी, डॉ. पूजा राठौर, डॉ. नीलम ध्यानी, डॉ. मीनाक्षी राना, डॉ. मंजू गौतम, डॉ. रुचि बहुखंडी, डॉ. एएम पैन्यूली, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. केस्टवाल, डॉ. परवेज आलम, डॉ प्रेम सिंह चौहान, अभिषेक गौड़, डॉ. विनोद सिंह रावत, डॉ. डीके भाटिया, डॉ. माधुरी रावत, डॉ. दीप्ति बगवाड़ी, डॉ. सीमा पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के संबंध में भ्रामक जानकारी की गई प्रसारित : डॉ. राकेश नेगी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, देहरादून में देहरादून । उत्तराखण्ड लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, देहरादून के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. राकेश सिंह नेगी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उत्तराखण्ड रोजगार प्रयाग पोर्टल पर उनके विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के संबंध में भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2024 में पशुपालन विभाग की कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तराखण्ड लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 253 डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के संबंध में रोजगार प्रयाग पोर्टल पर एक विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी। यह विज्ञप्ति तत्समय वर्ष 2024 के लिए थी, जो वर्तमान में प्रासंगिक नहीं है। मुख्य अधिशासी अधिकारी के अनुसार हाल ही में कुछ माध्यमों से यह भ्रामक जानकारी प्रसारित हो रही है, कि उत्तराखण्ड रोजगार प्रयाग पोर्टल पर डाटा एंट्री ऑपरेटर के 253 पद वर्तमान में रिक्त हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह सूचना पूर्णत: निराधार है तथा वर्तमान समय में इस कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के कोई पद रिक्त नहीं हैं।

### जंतु विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटद्वार।** डॉ पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के जंतु विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद के तत्वावधान में 2025द्26 के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जंतु विज्ञान के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वसन्तिका कश्यप एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आदेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं तार्किक निर्णय क्षमता का विकास होता है।

इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभागीय परिषद की कार्यक्रम संयोजक डॉ स्मिता तिवारी ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं बधाई दी। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर आदेश कुमार एवं संजय मदान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वाद-विवाद प्रतियोगिता में, प्रथम स्थान देवाशीष बीएससी चतुर्थ सेम, द्वितीय स्थान मनीषा एमएससी द्वितीय सेम तथा तृतीय स्थान पर सायमा एमएससी द्वितीय सेम रही। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में, प्रथम स्थान देवाशीष बीएससी चतुर्थ सेम, द्वितीय स्थान सृष्टि भारद्वाज एमएससी चतुर्थ सेम व तृतीय स्थान सुप्रिया बीएससी चतुर्थ सेम रही और मॉडल प्रतियोगिता में एन्जिला प्रथम रही।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया

**देहरादून।** उपभोक्ता मामले विभाग भारत सरकार के अधीन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून शाखा कार्यालय में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं में गुणवत्ता, सुरक्षा व मानकीकरण के माध्यम से उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आनंद स्वरूप, आईएएस, सचिव, उपभोक्ता मामले उपस्थित रहे।

### बाजपुर अस्पताल में RTI बोर्ड पर 'पुराने सीएमओ' का नाम, सिस्टम पर उठे सवाल

**बाजपुर।** उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में सूचना का अधिकार (RTI) बोर्ड पर अब भी पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी का नाम दर्ज होने का मामला सामने आया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में लगे सूचना बोर्ड पर अभी भी पूर्व सीएमओ मनोज कुमार शर्मा का नाम अंकित है, जबकि वर्तमान में डा. केके अग्रवाल पिछले करीब दो वर्षों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इसके बावजूद बोर्ड पर जानकारी अपडेट न होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में बाजपुर निवासी डा. सौरभ परमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत भेजकर इस गंभीर त्रुटि की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उनका कहना है कि गलत और पुरानी जानकारी से आम जनता भ्रमित हो रही है, जो सूचना के अधिकार अधिनियम की मंशा के विपरीत है। शिकायत में मांग की गई है कि सूचना बोर्ड को तत्काल अपडेट कर सही और वर्तमान ब्ड० का नाम प्रदर्शित किया जाए, ताकि जनता को सटीक जानकारी मिल सके।

# सौरमंडल में चुनाव संपन्न : देवगुरु बृहस्पति, मंत्री सेनापति मंगल हुए निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बुधवार को सौरमंडल में नवग्रहों का वार्षिक चुनाव संपन्न हो गया है, जिसमें देवगुरु बृहस्पति राजा एवं सेनापति मंगल मंत्री पद पर निर्वाचित हुए है।

चुनाव के साक्षी बनकर सौरमंडल से लौटे उत्तराखंड ज्योतिष रत्न आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल दैवज्ञ ने बताया कि 23 फरवरी से सौरमंडल में वार्षिक चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लग गई थी जिसमें युवराज बुद्ध को चुनाव अधिकारी बनाया गया था इस श्रृंखला में सौरमंडल में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है, और देवताओं के गुरु बृहस्पति को वर्ष का राजा एवं सेना. पति मंगल को मंत्री का पद प्राप्त हुआ है, यह रौद्र नाम का संवत्सर होगा। सौरमंडल के इस महत्वपूर्ण चुनाव के साक्षी बने ज्योतिष वैज्ञानिक आचार्य दैवज्ञ ने बताया है कि तत्काल राजा बृहस्पति ने मंत्रिमंडल का गठन भी कर दिया है जिसमें चंद्रमा को गृहमंत्री का महत्वपूर्ण पद मिला है जबकि शुक्र देव को वित्त मंत्री, शनिदेव को कृषि एवं खाद्य मंत्री बनाया गया है।




**सौरमंडल में गठित सरकार का पृथ्वी मंडल पर पड़ेगा पूरा असर : आचार्य दैवज्ञ**
**मंगल की टेढ़ी चाल विश्व युद्ध, भूकंप, और गैस - पेट्रोल पर डालेगा असर**

आचार्य ने बताया है कि त्रिदेवो ब्रह्मा ,विष्णु ,महेश की उपस्थिति में संपन्न चुनाव में नौ ग्रहों ,27 नक्षत्रों,सप्त ऋषि मंडल, तारामंडल, एवं 33 कोटि देवताओं ने प्रतिभाग किया, बताया कि राजा बृहस्पति ने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए धर्म कर्म में रत रहने वाले लोगों को वर्ष पर्यंत सुख एवं संपत्ति का लाभ देने एवं दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों का डिमोशन करने की बात कही है। जबकि मंत्री मंगल ने टेढ़ी चाल चलने वालों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध ,खून खराबा ,भूकंप, बाढ़, आगजनी जैसी घटनाओं के बढ़ने की बात की है, तेल, गैस, पेट्रोल एवं खनिज आदि की देश में कमी की तरह भी इशारा किया है। देश एवं प्रदेश की जनता को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए ज्योतिष के अंतरराष्ट्रीय हस्ताक्षर डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल ष्दैवज्ञष् ने कहा कि पूरे देश के लिए यह वर्ष सामान्य शुभ रहेगा आध्यात्मिक उन्नति शिक्षा और परीक्षा में नई शुरुआत तथा राजनीति में सुचिता का वातावरण स्थापित होने की भी संभावना रहेगी परंतु सीमाओं पर युद्ध पड़ोसी देशों के साथ तनाव तथा देश और प्रदेशों में अग्निकांड से वनों की हानि,जल संकट, कृषि एवं बागवानी में उत्तम स्थिति रहने की पूरी संभावना है। इससे पूर्व नव संवत्सर स्वागत समारोह में पहुंचने पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीरा रतूड़ी , सचिव अजय चौरसिया, पार्षद रविंद्र रावत अरविंद सिंह सजवान श्रीकांत शर्मा, संगीता रावत, आशा नेगी हास्य कलाकार बलबीर सिंह खिचड़ी, श्रीमती महिमा श्री, सुमन सजवान ,कुलदीप रावत ,अमर खरबानिया सहित तमाम पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि रायपुर विधायक उमेश शर्मा का एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल ष्दैवज्ञष् का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कलश यात्रा भी निकाली गई खूब भजन कीर्तन भी हुए तथा विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मौके पर पूरी सोसाइटी के सैकड़ो नागरिक उपस्थित रहे।

# गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट सेंटर के तत्वावधान में स्पोर्ट्स कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन ।** खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा विद्यार्थियों में खेल कौशल विकसित करने के उद्देश्य से गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट सेंटर लैंसडौन के तत्वाधान में आर्मी पब्लिक स्कूल एवं क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित 12 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को डायस स्टेडियम में विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, विशिष्ट सेवा मेडल के करकमलों द्वारा किया गया। यह नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर 18 मार्च से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में लैंसडाउन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6 से 11 तक के लगभग 100 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 9रू00 बजे से दोपहर 1रू00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण और टीम भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। शिविर के अंतर्गत क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं फुटबॉल जैसी खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है, जो प्रतिभागियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने विद्यालय के चेयरमैन का विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के विशेष अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रतिभागी इस प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए अपने खेल कौशल को निखारेंगे तथा भविष्य में अपने विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर कर्नल कुलदीप सिरोही सेना मेडल, मेजर अमरकांत, मेजर फ्रांसिस, विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जोशी ने किया 192.47 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को जनपद देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बांडावाली स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 163.80 लाख के कार्यों का शिलान्यास तथा 28.67 लाख के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को




**कैबिनेट मंत्री मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को मिलेगा विकास कार्यों का लाभ**

इन योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन जन की सरकार जन के द्वार ध्येय वाक्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव तक सड़क, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत धनौला के बांडावाली में 28.67 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया, जिससे क्षेत्रीय जनता को सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। शिलान्यास किए गए कार्यों में विभिन्न ग्राम पंचायतोंख्रमोटीधार, नालीकला, गढ़ बुरासखण्डा, सिल्ला, सरोना, छमरौली, क्यारा, फुलेत, सेरागांव, धनौला, कार्लीगाड, सेरकी, तिमली मान. सिंह, चलचला एवं कैरवान करनपुरख्रमें संपर्क मार्ग निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सेरकी, सरखेत, धनौला, क्यारा, कैरवान कनरपुर एवं अपर बगड़ाधोरण क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य, पुश्ता निर्माण एवं सीसी मार्ग निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, नारायण सिंह राणा, साक्षी थापा, सोनिया थापा, राकेश जवाङी, सुंदर सिंह पयाल, समीर पुंडीर, सुनील चमोली, कृपाल जवाङी, संजय राणा आदि उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले हरबर्टपुर बस अड्डे पर की गई मॉक ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** हरबर्टपुर बस अड्डे पर चार धाम यात्रा शुरू होने से पहले आपदा प्रबंधन फायर ब्रिगेड आरटीओ विभाग स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के द्वारा मॉक ड्रिल की गई। भूकंप की सूचना और आगजनी की सूचना प्राप्त होते ही और चार लोगो के घायल होने की सूचना पर सभी विभाग हरबर्टपुर स्थित बस अड्डा जोकी चार धाम यात्रियों के लिए बनाया गया है वहां पर पहुंचे। वही इस घटना की सूचना पर उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार और सीओ प्रेम नगर घटनास्थल पर पहुंचे और यहां पर सभी विभागों के द्वारा मॉक ड्रिल की गई। वही एसडीएम विनोद कुमार के द्वारा बताया गया कि देहरादून के आपदा प्रबंधन से सूचना प्राप्त हुई की भूकंप आया है और चार धाम यात्रा आए हुए यात्रियों में चार लोग घायल हुए हैं और आग. जनी की भी घटना हुई है इस पर हमारे द्वारा संबंधित विभागों को भेजा गया और चार धाम यात्रा से पहले मॉक ड्रिल की गई।

# राजनाथ सिंह 21 मार्च को हल्द्वानी

## रक्षा मंत्री के दौरे पर सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगामी 21 मार्च को जनपद नैनीताल के दौरे को लेकर हल्द्वानी स्थित सर्किट हाउस में आयुक्त एवं सचिव और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रावत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की गई। कुमाऊं आयुक्त ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में कुमाऊं आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर हल्द्वानी के एमबी मैदान में एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जिसे राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 21 मार्च शनिवार को होगा और इसका आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न करना सुनिश्चित किया जाएगा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से आयोजन की अब तक की तैयारियों का जायजा लिया और निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारियों को समय रहते पूरा करें। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को त्रुटिरहित ढंग से निभाएं और सभी व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर तैयार कर लें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि पार्किंग और सभा स्थल तक आम जनता की सुगम पहुंच हो और सभी आगंतुकों को बैठने के लिए उचित स्थान मिले। आयुक्त ने मंच, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वीआईपी एवं मीडिया बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, आम जनता के लिए बैठने की व्यवस्था, शौचालय, आपातकालीन सेवाएं, सभा स्थल की तैयारी, निर्माण कार्य और अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी तैयारियां समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और एसएसपी मंजुनाथ टीसी को सैक्टरवार कार्य आवंटित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी त्रुटियां समय रहते दूर की जाएं। इसके बाद आयुक्त दीपक रावत ने एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हो रही तैयारियों का निरीक्षण किया और लोनिवि के अधिकारियों को मंच, पंडाल निर्माण और अन्य तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक व निरीक्षण के दौरान दर्जा राज्य मंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, सहित जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, यूएसनगर के डीएम नीतिन भदौरिया, सीडीओ अरविंद कुमार पांडे, सीडीओ उधमसिंह नगर दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी, विवेक राय, पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, आटीओ गुरुदेव सिंह, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, बीसी पंत, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी सहित लोनिवि, जलसंस्थान, विद्युत और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# ईद भाईचारे से मनाने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में आगामी ईद पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशानुसार बुधवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल की अध्यक्षता में कोतवाली स्थित मीटिंग हॉल में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हल्द्वानी, बनभूलपुरा, मुखानी और काठगोदाम थाना क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी खबर या सूचना को बिना सत्यापन के आगे न बढ़ाने की सलाह भी दी गई। इस दौरान ईद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों और किरायेदारों का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके। पुलिस ने व्यापारियों से बाजार समय में मिली छूट का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही त्योहार के दौरान लगातार पुलिस गश्त जारी रखने की बात कही, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। बैठक में गैस सिलेंडर समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश फर्त्याल, कोतवाल विजय मेहता, मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# मैक्स हॉस्पिटल ने हल्द्वानी में शुरू की थोरैसिक सर्जरी व लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली ने नीलकंठ हॉस्पिटल हल्द्वानी में अपनी विशेष थोरैसिक सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के थोरैसिक सर्जरी एवं लंग ट्रांसप्लांटेशन विभाग के सीनियर डायरेक्टर डा. प्रमोज जिंदल व नीलकंठ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. गौरव सिंघल ने संयुक्त रूप से बताया कि हर महीने के तीसरे गुरुवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नीलकंठ हॉस्पिटल हल्द्वानी में मरीजों के प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। डा.प्रमोज जिंदल ने कहा फेफड़ों और छाती से जुड़ी कॉम्प्लेक्स बीमारियों के इलाज में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। रोबोटिक तकनीक और वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी तेजी से विकसित हुई हैं और अब बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही हैं। डा. जिंदल ने बताया थोरैसिक सर्जरी में फेफड़े, चेस्ट वॉल, मीडियास्टिनम और इसोफेगस (खाने की नली) से जुड़ी नॉन-कार्डिएक सर्जरी शामिल होती है। इसके तहत टीबी से जुड़ी कॉम्प्लीकेशन्स जैसे फंगल बॉल के साथ कैविटी, छाती में पस, सांस की नली का नैरो होना, फेफड़ों से हवा का रिसाव, फेफड़ों के आसपास फ्लूइड जमा होना, तथा नॉन-टीबी बीमारियां जैसे विंड पाइप, फेफड़े, फूड पाइप और चेस्ट वॉल का कैंसर, की कमजोरी का इलाज किया जाता है।



# नव संवत्सर के आरम्भ पर 108 कुंडीय महायज्ञ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नव संवत्सर 2083 के शुभारंभ के अवसर पर 108 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। नैनीताल रोड स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डा. बहादुर सिंह बिष्ट, जिला संघचालक डा. नीलांबर भट्ट सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। महायज्ञ का विधिवत संचालन यज्ञब्रह्मा डा. विनय विद्यालंकर ने कन्या गुरुकुल चोटीपुरा उत्तर प्रदेश की ब्रह्मचारिणियों के साथ संपन्न कराया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर, बेरीपड़ाव और हनुमान धाम छोई रामनगर के संस्थापक आचार्य विजय ने अपने आशीर्वचन दिए। आचार्य विजय ने नव संवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति में इसके विशेष स्थान को रेखांकित किया। उन्होंने रामचरितमानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए सत्य, श्रद्धा और निष्कपटता के महत्व को समझाया। वहीं महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज ने यज्ञ के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ सामूहिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम है, जो प्रकृति और मानव जीवन दोनों को प्रभावित करता है। कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम ने सभी अतिथियों, यजमानों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। आयोजन में प्रकाश डिफेंस एकेडमी और संस्कृत महाविद्यालय रेलवे बाजार के संचालक, शिक्षक और विद्यार्थियों का भी विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन के लिए नव वर्ष आयोजन समिति का गठन किया गया था, जिसमें डा. विनय खुल्लर, भगवान सहाय, सुरेश तिवारी, विवेक कश्यप, प्रकाश पांडे, लता पंत, शीतल विनायक, नितिन मेहरा, भुवन भगत, तनुज गुप्ता सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में श्याम अग्रवाल, भूमेश अग्रवाल, नीरज शारदा, सुदीप अग्रवाल, शशि भजन भूषण, सुरेश पाल, बालकृष्ण, राजीव अग्रवाल, डा. भारत भूषण, राजेश कुमार, पवन सिंघल, दीपक कुमार, जीतेन्द्र साहनी, धीरज, विपिन, अमित गर्ग, नगर प्रचार प्रमुख डा. नवीन शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख एडवोकेट प्रदीप लोहनी, प्रकाश पांडे, अशोक आर्य, आनंद मेर, अनुज गुप्ता, आनंद सिंह, सुदर्शन राणा, गिरीश जोशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



भारतीय संस्कृति में इसके विशेष स्थान को रेखांकित किया

# शोहदों को पुलिस का खौफ नहीं

## देर रात बाइक सवार युवक-युवती को किया परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन रोमियो की शोहदे खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना नंबर की बुलेट हूटर बजाते शोहदों ने शहर में कई किमी मीटर तक बाइक सवार युवक व युवती न सिर्फ पीछा किया, बल्कि उनके साथ मारपीट और छेड़छाड़ भी की। बाइक सवार युवक और युवती ने बरेली रोड पर छिपकर अपनी जान बचाई। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र में रहने वाले युवक ने बताया कि बीती 16 मार्च को उनकी बहन का बर्थडे था। घर पर पार्टी थी और इस पार्टी में बहन की सहेलियां भी आईं थी। रात करीब 10 बजे वह बहन की सहेली को छोड़ने रामपुर रोड की ओर जा रहा था। मिनी स्टेडियम मोड़ पर पीछे से पुलिस के सायरन की आवाज सुनाई दी। बाइक सवार युवक को यह वाकई पुलिस का हार्न लगा। युवक ने बाइक की रफ्तार कम की और पीछे मुड़कर देखा तो इतने में ही बुलेट सवारों ने बुलेट बाइक के आगे लगा दी। बुलेट पर नंबर नहीं था। बुलेट सवार यह कहते हुए उलझने लगे कि पीछे मुड़कर क्या देख रहा था। यहां से बचकर बाइक सवार युवती संग भागा तो बुलेट सवारों ने पीछा कर लिया और जेल रोड के पास फिर घेर लिया। युवक के साथ मारपीट की, युवती के बाल खींचे। वह फिर किसी तरह बचकर भागे। युवती ने अपने भाई को मदद के लिए फोन किया, लेकिन शोहदे पीछे पड़े थे। रामपुर रोड से होते हुए पीड़ित गलियों से भागते बरेली रोड की ओर पहुंचे और एक सुरक्षित स्थान पर छिप गए। इतने में ही युवती के भाई भी वहां पहुंच गए, लेकिन तक आरोपी फरार हो चुके थे। जिसके बाद पीड़ित युवक व युवती सीधे कोतवाली पहुंचे। अच्छी बात यह थी कि जब आरोपी पीछा करते हुए, मारपीट और छेड़छाड़ कर रहे थे तो युवती ने वीडियो बनाकर लिया था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों में अजय फर्त्याल और अजय थापा हैं।

# मोबाइल गिरने के बाद बैंक खाते से 6.88 लाख उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति के साथ मोबाइल गिरने के बाद बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी हुई, जब उसके बैंक खाते से 6,88,127 रुपये चोरी हो गए। यह घटना एक माह पहले की है, और इसका खुलासा तब हुआ जब पीड़ित को पैसों की जरूरत पड़ी और वह बैंक पहुंचा।

काठगोदाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चौफुला मल्ला निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र गरीब प्रसाद ने पुलिस को बताया कि बीती 6 फरवरी की शाम उसका मोबाइल चंबलपुल दमुआढूंगा के पास कहीं गुम हो गया था। उसने मोबाइल फोन की गुमशुदगी दर्ज करायी। 11 फरवरी को राजेंद्र खाते से रुपए निकालने के लिए बैंक पहुंचा। विड्राल फार्म भरकर बैंक कर्मचारी को दिया तो उनके बताया गया कि आपके खाते से रोजाना रुपए निकाले जा रहे हैं। पता चला कि 6 से 11 मार्च तक खाते से 204,999 और 108,130 रुपये निकाले गए हैं। वह तुरंत अपने दूसरे बैंक पहुंचे तो पता लगा कि वहां से भी 3,74,998 निकाले गए हैं। दोनों बैंकों से शातिर ने कुल 6,88,127 निकाले लिए। राजेंद्र ने बताया कि किसी उनके खातों में यूपीआई एक्टिव कराकर फर्जी यूपीआई पिन बनाकर उनके साथ धोखाधड़ी की है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया गया है।

# तेज़ रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े युवक को मारी टक्कर, मौत

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार की रात रामपुर रोड स्थित टीपीनगर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे एक युवक को टक्कर मार दी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आनन फानन में लोगों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बेतालघाट विकासखंड के हरतपा गांव निवासी 28 वर्षीय अनिल रौतेला पिछले कुछ सालों से हल्द्वानी में किराए के मकान में रहता है और यहां पर वह एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार की रात वह देवलचौड़ स्थित एक फास्ट फूड सेंटर पर गया था। क्षेत्र की तरफ गया था। तभी हल्द्वानी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह लहूलुहान हालत में जमीन में गिर गया। घटना के बाद से डंपर चालक फरार हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायल अनिल को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा कि मृतक अनिल चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग करता था। उसके माता-पिता गांव में खेती-किसानी करते हैं। बेटे की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर है। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने अपनी ओर से कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर जायेगी।

**न्यायालय- असिस्टेंट कलेक्टर नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल।**

राजस्व वाद संख्या 19/2024-25

**वादीगण**- उत्तम सिंह पुत्र ऐत्वार सिंह निवासी ग्राम नीर पटटी धमान्दरयूं जनपद टिहरी गढवाल।

**बनाम**

**प्रतिवादी** - 1-नारायण सिंह पुत्र स्व. भिमू, 2-प्रेम सिंह, 3-पूर्ण सिंह, 4-विरेन्द्र सिंह, 5-बिजेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व. रतन सिंह, 6-नगटी देवी पत्नी रतन सिंह, 7-सूरत सिंह, 8-सुन्दर सिंह, 9-कृपाल सिंह, 10-बीर सिंह, 11-प्यार सिंह, 12-देव सिंह, 13-राम सिंह, पुत्रगण स्व. गुलाब सिंह, 14-सौणी देवी पत्नी सूरत सिंह पुत्रबधु गुलाब सिंह, 15-सौला देवी पत्नी सुन्दर सिंह पुत्रवधु गुलाब सिंह, 16-फलदेई पत्नी कृपाल सिंह, 17-जगदेई देवी पत्नी बीर सिंह पुत्र वधु गुलाब सिंह, 18-कन्ति देवी पत्नी प्यार सिंह पुत्र विधु गुलबा सिंह, 19-मंगली देवी पत्नी देव सिंह पुत्रवधु गुलाब सिंह 20- सुरजा देवी पत्नी राम सिंह, पुत्रवधु गुलाब सिंह, 21-राय सिंह, 22-कमल सिंह, 23-किशन सिंह, 24-राजेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व.चन्दन सिंह, 25-क्वारा देवी पत्नी स्व. चन्दन सिंह, 26-गोविन्द सिंह पुत्र काल्य, 27-बलवीर सिंह, 28-धनवीर सिंह पुत्रगण स्व. झाबरू समस्त निवासीगण ग्राम नीर पटटी धमान्स्यूं तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। 29-प्रधान ग्राम पंचायत ग्राम नीर पटटी धमान्दस्यूं तहसील नरेन्द्रनगर।

अन्तर्गत धारा 176 यू.पी.जेड.एल.आर.एक्ट

**नोटिस**

उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा 176 उत्तर प्रदेश (उत्तराखण्ड) ज.वि. एवं भू-व्य.अधि. 1950 का संस्थति किया गया है।

आपको एतदद्वारा आहूत किया जाता है कि आप य स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यक रूपेण अनुदृष्टि है, और वाद के सम्बन्ध में सव सारवान प्रश्नों के उत्तर देने समर्थ हो, यह जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हों, य जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो, जो कि ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर देने के लिए समर्थ हो, दिनांक 3/4/2026 को वक्त प्रात: 11 बजे दिन को इस दावे के उत्तर देने के लिए न्यायालय में उपस्थित हो। आपको यह आदेश दिया जाता है कि उस दिन ऐसे दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के लिए समर्थन में साहरा लेने का आपका आशय है। आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्व वर्णित दिवस आपकी उपस्थिति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा। दिनांक 04.03.2026

न्यायालय की आज्ञा से

वाचक

मा. न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर (प्र.श्रे.) नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल।

## बाइक सवारों ने युवक से छीना मोबाइल

**हल्द्वानी।** राह चलते एक युवक से बाइक सवारों ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हीरानगर निवासी सुरेश राम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 17 मार्च की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनका बेटा सागर कुमार हीरानगर से अल्मोड़ा अर्बन बैंक जा रहा था, तभी बाइक पर सवार दो युवक आए और उनका मोबाइल छीन लिया। आरोपियों ने सागर को यह कहकर बाइक पर बीच में बैठा लिया कि वे आगे जाकर मोबाइल वापस कर देंगे। आरोपियों ने सागर को बर्फवाली गली में उतार दिया और वहां से फरार हो गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर नीरज आर्य और करन नाम के युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# बार एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बार चुनाव का बिगुल बज चुका है और आज, गुरुवार को चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाएगा। इससे पहले, हल्द्वानी स्थित जजी कोर्ट के बार भवन में हल्द्वानी बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में अधिवक्ताओं की सहायता राशि में लगभग पांच गुना वृद्धि करने का फैसला लिया गया।

वर्तमान बार अध्यक्ष, किशोर कुमार पंत ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के हित में तीन अहम निर्णय लिए गए हैं। इनमें, आकस्मिक निधि से इलाज के लिए दी जाने वाली राशि को 10,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया गया। इसके अलावा, अधिवक्ता की मृत्यु होने पर दी जाने वाली राशि को 25,000 से बढ़ाकर 1,50,000 रुपये कर दिया गया। महिला अधिवक्ताओं के लिए मातृत्व सहायता योजना के तहत 25,000 रुपये की राशि देने पर भी सहमति बनी। सभा में सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने एसोसिएशन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वहीं, अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने बताया कि पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों में, कोर्ट के बाहर अधिकांश अधिवक्ता खुले में छतरियां लगाकर बैठते थे, लेकिन अब टिन-सेट का निर्माण करवा दिया गया है, जिसमें पंखे, ट्यूबलाइट, मोबाइल चार्जिंग और वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है। कैंटीन में भी उचित व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष ने पार्किंग की समस्या पर भी विचार व्यक्त किया और बताया कि संभावना है कि कोर्ट के बाहर से गुजरने वाली नहर को कवर करके इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, सहायता राशि के आवंटन के लिए एक मार्गदर्शक कमेटी का गठन किया गया है। सभा के अंत में सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद पांडे को मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर चुना गया। गुरुवार, 19 मार्च को चुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी।




**JAMIA MILLIA ISLAMIA**

(A Central University by an Act of Parliament)

(Accredited grade 'A++' by NAAC)

Maulana Mohammad Ali Jauhar Marg, New Delhi-110025

**Advt. No. 02/2025-26 (T) Dated 17.03.2026**

Online applications are invited from Indian Nationals (including OCI Cardholders) for filling-up the faculty positions in JMI through CU Chayan portal i.e. **https://curec.samarth.ac.in.** Detailed advertisement is available on University's website i.e. **https://jmi.ac.in. Last date for submission of application form is 23.04.2026.**

(Prof. Md. Mahtab Alam Rizvi)

**Dated: 17.03.2026** Registrar

**cbc 21246/12/0009/2526**

# पार्किंग के पैसे पर चल रही रामलीला समिति!

**हल्द्वानी ( शाह टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संस्था मुख्य श्री रामलीला समिति एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के बीच यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि समिति की कार्यकारिणी के चुनाव आखिर कितने वर्ष पूर्व हुए थे? लंबे समय से चुनाव न होने के कारण संस्था के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार समिति की वर्तमान संरचना और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर आम जनमानस में असंतोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि संस्था धार्मिक आस्था और सामाजिक विश्वास से जुड़ी है, तो नियमित चुनाव और खुली बैठकें अनिवार्य होनी चाहिए। श्री रामलीला मैदान परिसर की ऐतिहासिक इमारत और मुख्य प्रवेश द्वार अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। दीवारों में दरारें, टूट-फूट और उपेक्षा साफ दिखाई देती है। यह परिसर न केवल धार्मिक कार्यक्रमों का केंद्र है, बल्कि वर्षों पुरानी आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की धरोहर भी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण स्थल की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए अब तक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए? क्या इस संबंध में कभी संपूर्ण कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई? बताया जा रहा है कि कई वर्षों से प्रशासन द्वारा गठित 20 सदस्यों की समिति के माध्यम से ही श्री रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। प्रश्न यह उठता है कि क्या निर्वाचित समिति के अभाव में यही व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी? धार्मिक और सामाजिक संस्था होने के नाते समिति का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए, ऐसी मांग लगातार उठ रही है। वहीं, सूत्रों के अनुसार संस्था की आय का प्रमुख स्रोत फिलहाल केवल पार्किंग शुल्क बताया जा रहा है। यदि यह सत्य है, तो यह चिंता का विषय है कि इतनी पुरानी और प्रतिष्ठित संस्था के पास आय के विविध साधन क्यों नहीं हैं। आर्थिक पारदर्शिता और आय-व्यय का सार्वजनिक लेखा-जोखा भी सामने नहीं आया है, जिससे लोगों के मन में शंकाएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा, रामलीला मैदान परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह-ब्याह समारोहों के आयोजन के लिए अनुमति के साथ शुल्क लिया जाता है। हालांकि, इस प्रक्रिया और शुल्क निर्धारण की स्पष्ट नीति सार्वजनिक नहीं है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए परिसर को निशुल्क उपलब्ध कराने का कोई प्रावधान है? यदि नहीं, तो क्या समिति इस दिशा में कोई ठोस निर्णय लेगी? समाजसेवियों का कहना है कि यह धार्मिक परिसर वर्षों से गरीब कन्याओं के विवाह का साक्षी रहा है। ऐसे में समिति को चाहिए कि वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मैदान को निशुल्क उपलब्ध कराने की स्पष्ट और पारदर्शी व्यवस्था घोषित करे।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम रेशमा प्रवीन (Reshma Praveen) था जिसे बदलकर मैंने जमाल फातिमा (Jamal Fatima) रख लिया है। भविष्य में मुझे रेशमा प्रवीन (Reshma Praveen) की जगह पर जमाल फातिमा (Jamal Fatima) के नाम से जाना व पहचाना जायें। इसी नाम को पासपोर्ट सहित सभी दस्तावेजों में अंकित किया जाये।

**श्रीमती जमाल फातिमा पत्नी**
**श्री मौ. असद कासमी**
**निवासी-सी-15, आंशिक वार्ड नो 47, टर्नर रोड, क्लेमेंटटाउन, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड पिन- 248002**

**यूजेवीएन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मुख्यालयः "उज्जवल" महारानीबाग, जी० एम० एस०रोड, देहरादून-248006

दूरभाषः 0135-0135-2763508, 2523100

CIN No. U4101UR2001SGC025866

UJVNL

RO No. 231 **ई-निविदा सूचना** Dated : 18/03/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

ई-निविदा संख्या : 42/EE/PCM/Dhalipur/2025-26

कार्य का नाम : ढकरानी, देहरादून स्थित ढकरानी विद्युत गृह कालोनी के पार्क की सामान्य सफाई एवं रखरखाव का कार्य।

अनुमानित लागत : Rs. 25,36,763.89 (GST अतिरिक्त)

वैब साईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 19.03.2026 को 17:00 बजे से

वैब साईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 13.04.2026 को 17:00 बजे तक

पूर्ण एवं अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**परियोजना जानपद अनुरक्षण, ढालीपुर**

"बिजली का बरबादी पूर्ण उपयोग न करें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट

CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा निस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 878/वि०वि०ख०ब०/दिनॉक 07.03.2026 द्वारा निविदा संख्या 25, 26, 27/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 17.03.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 18.03.2026 थी, को निरस्त किया जाता है।

पत्रांक : 1089/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 18.03.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अल्काराज व सिनर की वर्ल्ड नंबर-1 की लड़ाई में अहम है मियामी ओपन

**मियामी, वार्ता।** बीएनपी परीबा ओपन में जानिक सिनर के खिताब जीतने के कारनामों ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की बढ़त कम करने में मदद की। अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतकर, सिनर ने 1,000 अंक हासिल किए और इंडियन वेल्स से पहले अल्काराज की 2,800 अंकों की बढ़त को घटाकर 2,150 अंक कर दिया। अब सबका ध्यान मियामी ओपन पर है, जहां सिनर के पास अपनी लय को और मजबूत करने का मौका है। इस इतालवी खिलाड़ी ने 2025 में फ्लोरिडा में हिस्सा नहीं लिया था, जिसका मतलब है कि इस पखवाड़े में उन्हें अपने किसी भी अंक का बचाव नहीं करना है। इसलिए, हर जीत सीधे तौर पर उनके रैंकिंग अंकों में जुड़ जाएगी।

### भारत का पूल कड़ा और संतुलित : मरिने

**बेंगलुरु, वार्ता।** मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने बुधवार को आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के पूल डी को बहुत ही कड़ा और संतुलित बताया। यह बात उन्होंने तब कही जब भारतीय महिला हॉकी टीम को इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ही पूल में रखा गया। भारतीय टीम, जिसने हाल ही में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है, उसे अगस्त में होने वाले ग्रुप स्टेज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चीन, जो अभी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर है, इस पूल में सबसे आगे है, उसके बाद इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं। विरोधी टीमों की अलग-अलग ताकतों को मानते हुए, मरिने ने कहा कि इस ग्रुप में अनुभव और अप्रत्याशितता का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा।

# मेहंदी हसन मिराज ने वनडे व मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग





- **मेहंदी वनडे रैंकिंग में नौ पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए**

**धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर, विराट नंबर-2 पर**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज ने एकदिवसीय क्रिकेट में तथा न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टी-20 मैचों शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा अपडेट के अनुसार बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज को उनकी हालिया बेहतरीन फॉर्म का इनाम मिला है। इस ऑलराउंडर ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज में तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लिए, जिससे टीम ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

इन शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहंदी एकदिवसीय गें. दबाजों की ताजा रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, 28 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एकदिवसीय ऑलराउंडरों की अपडेटेड सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

एकदिवसीय रैंकिंग में न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। भारत के विराट कोहली 791 की रेटिंग के साथ दूसरे, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 756 की रेटिंग के साथ तीसरे, भारत के ही रोहित शर्मा की रेटिंग 748 की है और वे नंबर 4 पर अभी मौजूद हैं। भारतीय टीम के एकदिवसीय शुभमन गिल 716 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 684 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। वेस्टइंडीज के शे होप 679 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर हैं। आयरलैंड के हैरी ट्रेक्टर 679 रेटिंग अंक साथ नंबर सात पर ही हैं। भारत के केएल राहुल 664 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। अब उन्हीं की बराबरी पर पाकिस्तान के सलमान अली आगा भी आ गए हैं। सलमान अली आगा एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए, और एकदिवसीय ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, कप्तान शाहीन अफरीदी ने गेंद के साथ कुछ अच्छे प्रदर्शनों के बाद ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों टी-20 की सीरीज के पहले दो मैचों में किए गए अच्छे प्रदर्शनों का इनाम मिला। सैंटनर हाल ही में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान न्यूजीलैंड के लिए लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।

# चेपॉक में एक बड़े 'रीयूनियन' की योजना बना रहा है सीएसके

- **जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन व ब्रावो शामिल हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही हैए जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं।

जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुथैया मुरलीधरन (सनराइजर्स हैदराबाद), मैथ्यू हेडन (गुजरात टाइटन्स) और ड्वेन ब्रावो (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं। जब इस नियोजित कार्यक्रम के बारे में खबर फैली, तो आईपीएल टीमों के बीच थोड़ी उत्सुकता पैदा हो गई, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद कोई बड़ी घोषणा होने वाली है। हालांकि, फेंचाइजी के अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल आईपीएल सीजन की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयोजित एक औपचारिक 'प्री-आईपीएल' कार्यक्रम है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह सीजन के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है। इसमें इससे ज्यादा कुछ भी नहीं है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी जिनमें ज्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# भारत की पुरुष और महिला टीमें ग्रुप ए में चीन के साथ

- **भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को को चीन, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया**

**कोपेनहेगन, वार्ता।** थॉमस और उबेर कप 2026 के लिए बुधवार को हुए ड्रॉ में भारतीय बैडमिटन टीमों को मुश्किल ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियन चीन के साथ रखा गया है।

आगामी थॉमस और उबेर कप 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में थॉमस कप जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिटन टीम को टूर्नामेंट के आगामी संस्करण के लिए मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं पिछले संस्करण में उपविजेता इंडोनेशिया को फांस, थाईलैंड और अल्जीरिया के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

वह थॉमस कप के इतिहास में 14 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम है। भारत की एकमात्र थॉमस कप जीत 2022 में तब मिली थी, जब उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

भारत ने बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम विश्व बैडमिटन रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर थॉमस कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया है। यह रैंकिंग बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद फाइनल की गई थी। इस बीच, भारतीय महिला बैडमिटन टीम को उबेर कप 2026 के लिए ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें उनके साथ मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता टीम चीन भी शामिल है।

भारत और चीन के साथ-साथ मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। भारत ने अपनी टीम की विश्व रैंकिंग के आधार पर उबेर कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया। उन्हें उन शीर्ष-रैंक वाली टीमों के लिए आरक्षित स्थानों में से एक मिला, जो पहले से ही कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप के जरिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थीं।

# हेजलवुड-कमिंस के आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय

- **हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी**



**बेंगलुरु, वार्ता।** डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है।

उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे। हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त करने में हेजलवुड की अहम भूमिका थी, उन्होंने 17-54 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आईपीएल में देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे, इन मैचों में 28 मार्च को सीजन की पहली रात को हेजलवुड की आरसीबी के खिलाफ होने वाला मुकाबला भी शामिल है। एसआरएच के कप्तान ने एशेज के दौरान केवल एक ही टेस्ट मैच खेला था।

कि वह जुलाई में कैरिबियन में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। इसके बाद हेतलवुड और कमिंस दोनों ही टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा दल पिछले कुछ महीनों से इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की सेहत पर बहुत बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वजह से, इन दोनों खिलाघे अपनी-अपनी आईपीएल फेंच. इजियों के लिए ठीक-ठीक कब उपलब्ध हो पाएंगे, इसको लेकर अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी हुई है।

# एसआरएच के पहले मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान



- **पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ के चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है**

**हैदराबाद, वार्ता।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। इस दौरान अभिषेक शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

एसआरएच के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि यह व्यवस्था अस्थाई है। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभाल लेंगे। जल्द ही इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन यह माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान 23 मार्च को एसआरएच शिविर में रिपोर्ट करेंगे। उम्मीद है कि वह भारत में फेंचाइजी के साथ रिहैबिलिटेशन करेंगे। कल की रिपोर्ट में बताया गया था, वह इस सीजन के पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

एसआरएच अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगा। उनका दूसरा मैच दो अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, उसके बाद वे पांच अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने के लिए अपने घरेलू मैदान पर लौटेंगे। 32 साल के कमिंस दिसम्बर से ही मैदान से बाहर हैं। दिसम्बर में उन्होंने एडिलेड में केवल एक एशेज टेस्ट मैच खेला था। उस मैच से पहले और बाद में भी पीठ की पुरानी चोट की वजह से वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा नहीं लिया था। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के सूत्रों ने बताया है कि उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपने आईपीएल अनुबंध को पूरा करने की मंजूरी मिल गई है। हालांकि, मैच खेलने के लिए मैदान पर लौटने से पहले उन्हें कुछ और समय लगने की उम्मीद है। कमिंस ने एचआरएच के लिए 30 मैचों में कप्तानी की है।

इनमें से उन्होंने 15 मैच जीते हैं, 14 हारे हैं, और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 2024 में उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सीजन में एसआरएच छठे स्थान पर रहा था। टीम ने छह मैच जीते थे और सात में उसे हार मिली थी। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान ने बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197-33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए टी-20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

# बीसीबी के भविष्य पर आईसीसी के साथ चर्चा करेंगे बांग्लादेश के खेल मंत्री



- **बीसीबी एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों की टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भविष्य पर अंतिम फैसला लेने से पहले आईसीसी से सलाह करेंगे। साथ ही वह एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों के टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया।

11 मार्च को खेल मंत्रालय ने पिछले साल हुए बीसीबी चुनावों में कथित अनियमितताओं, हेरफेर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई थी। बीसीबी ने सोमवार को इसका जवाब देते हुए कहा कि इस समिति का गठन, बांग्लादेश सरकार की ओर से बोर्ड के मामलों में दखल के बराबर है। बांग्लादेश के पूर्व फुटबॉल कप्तान हक ने कहा कि पांच सदस्ईय समिति जब अपनी रिपोर्ट 15 कार्य दिवसों के भीतर सौंप देगी, तब वह इस मामले पर आईसीसी से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साल बीसीबी चुनावों में हमारी पिछली सरकार का सीधा हस्तक्षेप था।

मैंने कई बार इस बारे में बात की है। ढाका के क्लबों और जिलों से मिले आरोपों के बाद हमने जांच समिति बनाई है। मैं उनकी रिपोर्ट पढ़ूंगा, लेकिन अगला कदम आईसीसी से बात करने के बाद ही उठाऊंगा। चुनाव के समय तमीम इकबाल और ढाका के कई क्लब अधिकारियों ने चुनाव में हेरफेर के आरोप लगाए थे। चुनाव से पहले ही बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम पर भी हस्तक्षेप के आरोप लगे थे। चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भेजे गए एक हस्ताक्षरित पत्र में अमीनुल ने खेल मंत्रालय से कुछ जलिों के काउंसिलरों को बदलने का अनुरोध किया था। तमीम ने यह भी आरोप लगाया था कि बीसीबी ने नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख दो बार बढ़ाई थी। तमीम ने 1 अक्तूबर को अपना नाम वापस ले लिया, जबकि अमीनुल ने 5 अक्तूबर को इन आरोपों से इनकार किया, जो कि मतदान से एक दिन पहले था। हक ने कहा कि जांचकर्ता यह भी देखेंगे कि चुनाव से पहले जिला प्रशासकों ने अपने नामांकन कैसे बदले। उन्होंने कहा कि जांच समिति बीसीबी के चुनाव आयुक्तों, मौजूदा बोर्ड अध्यक्ष, बीसीबी निदेशकों और सीईओ से बात करेगी। यह उन जिला प्रशासकों से भी संपर्क करेगी जिन्होंने बीसीबी काउंसिलरों का नामांकन किया था। आरोप है कि कई जिला प्रशासकों ने एक काउंसिलर का नाम भेजने के बाद, एक पत्र मिलने पर नया नाम भेज दिया था। मेरा मानना है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। टी-20 विश्व कप के मामले में बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था, तब आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को विश्व कप के लिए शामिल कर लिया था।


# न्यू साउथ वेल्स के कोच बने ब्रैड हैडिन



**सिडनी, वार्ता।** ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुषों की टीम का अगला मुख्य कोच बनाया गया है। उन्होंने अनुभवी कोच ग्रेग शिप्पर्ड की जगह ली है, जिनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल पहले ही खत्म कर दिया गया था।

क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने हैडिन को शिप्पर्ड का उत्तराधिकारी घोषित करने में जरा भी देर नहीं की। यह घोषणा तब की गई जब 'ब्लूज' (न्यू साउथ वेल्स टीम) ने मंगलवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रॉ के साथ अपना 2025-26 का सीजन खत्म किया। खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैडिन ने 'क्रिकेट सेंट्रल' में मैच के दौरान ही क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड के सामने अपना प्रस्ताव पेश किया। शेफील्ड शील्ड सीजन के आखिरी दिन पुरुषों की टीम के सहायक कोच अली डी विटर और शॉन ब्रैडस्ट्रीट को भी बता दिया गया कि अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं होगी। न्यू साउथ वेल्स ने अपने आखिरी राउंड का मैच ड्रॉ कराया। मैच के आखिरी तीन गेंदों पर जब वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिर चुके थे, तब निचले क्रम के बल्लेबाज कोरी रॉ. चचियोली और अल्बर्ट एस्टरहुसेन ने डटकर बल्लेबाजी की और टीम को हार से बचा लिया।

# अबरार को साइन करने पर सनराइजर्स पर बरसे गावस्कर





- **कहा : पाक क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पुरूष हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए सनराइजर्स लीड्स के एक फैसले नाराजगी जताई है।

सनराइजर्स ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम के साथ जोड़ा है, जिस पर गावस्कर ने कहा है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है। हेडिंग्ली की इस फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक सन ग्रुप के पास है, जो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी चलाता है। इस टीम को पहले नॉर्दन सुपरचार्जर्स के नाम से जाना जाता था। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में अबरार अहमद को लगभग 2 करोड़ 34 लाख रूपए की भारी-भरकम रकम देकर साइन किया गया था। इस साइनिंग के साथ ही उन अटकलों पर भी विराम लग गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे कड़वे राजनीतिक रिश्तों की वजह से आईपीएल मालिकों की टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर अघोषित बैन लगा सकती हैं। हालांकि, इस फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया पर काफी विरोध देखने को मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसमें मई 2025 में हुआ चार दिन का सैन्य संघर्ष भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को 2009 से आईपीएल से अनौपचारिक रूप से बाहर रखा गया है, और दोनों देशों के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। टी-20 विश्व कप में उनकी हालिया भिड़ंत का पीसीबी द्वारा लगभग बहिष्कार किया गया था, हालांकि अंततः यह मैच श्रीलंका में न्यूट्रल वेन्यू पर खेला गया। दोनों कप्तानों ने टॉस के समय हाथ मिलाने की परंपरा को भी जारी नहीं रखा।

गावस्कर की यह टिप्पणी अखबार मिड डे में लिखे कॉलम में आई। 76 साल की उम्र में भी वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं, और उनका यह बयान इस बात का संकेत है कि यह मुद्दा इस साल के हंड्रेड टूर्नामेंट पर कितना असर डाल सकता है, जो जुलाई में शुरू होने वाला है। उन्होंने लिखा कि एक भारतीय मालिक द्वारा द हंड्रेड में पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरी. दने पर जो विवाद हुआ है, वह हैरान करने वाला नहीं है। नवम्बर 2008 में मुंबई हमलों के बाद से भारतीय फ्रेंचाइजी मालिकों ने आईपीएल के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पूरी तरह नजर. अंदाज किया है। हालांकि देर से सही, अब यह समझ बन रही है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को दी गई फीस, जो बाद में अपने देश को टैक्स के रूप में जाती है और जिससे हथियार खरीदे जाते हैं, वह अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय सैनिकों और नागरिकों की मौत में योगदान देती है। इसी कारण भारतीय संस्थाएं अब पाकिस्तानी कलाकारों और खिलाड़ियों को शामिल करने से भी बच रही हैं। सन ग्रुप एक मीडिया संगठन है जिसकी स्थापना कलानिधि मारन ने की थी।

उनकी बेटी काव्या ऑक्शन में मौजूद थीं। टीम के हेड कोच डैनियल विटोरी ने बाद में कहा कि उन्हें कुछ खास खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने से रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था, लेकिन गावस्कर का मानना है कि मालिकों की ओर से और स्पष्ट निर्देश होने चाहिए थे। उन्होंने लिखा कि चाहे भुगतान किसी भारतीय संस्था द्वारा किया जा रहा हो या उसकी विदेशी शाखा द्वारा, अगर मालिक भारतीय है तो वह भारतीय हताहतों में योगदान दे रहा है। यह इतना ही सीधा है। अभी भी समय है।

# श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस को 13-1 से रौंदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 13-1 से करारी शिकस्त दी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी ने 5, प्रत्युष सिंह जग्गी ने 3, मनमोहन, अभिषेक, हर्ष, पंकज और आकाश ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल विशाल ने किया। श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सेंट स्टीफंस कॉलेज की यह लगातार दूसरी बड़ी हार है। हंसराज कॉलेज और इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। हंसराज कॉलेज के गुरशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

## एसएसपी नवनीत सिंह ने किया झबरेड़ा थाने का वार्षिक निरीक्षण

# कानून व्यवस्था में जरा सी भी लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः भुल्लर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह द्वारा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने में नवनिर्मित आदर्श भोजनालय का उद्घाटन भी किया । सुरक्षा व्यवस्था, शस्त्रों के रखरखाव और अभिलेखों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के उपरांत एसएसपी ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बुधवार को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के थाने पहुँचने पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इसके पश्चात थाना परिसर में नवनिर्मित आदर्श भोजनालय का रिबन काटकर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया। उसके उपरांत शस्त्रागार का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों से शस्त्र चलवाकर उनकी दक्षता को परखा। उन्होंने मालखाने के व्यवस्थित रख-रखाव को परखते हुए थाना परिसर में साफ सफाई का भी निरीक्षण



किया गया।एसएसपी भुल्लर ने बताया कि झबरेड़ा क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में क्राइम ग्राफ में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी पुलिस को और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा

**❖थाना परिसर में नवनिर्मित आदर्श भोजनालय का रिबन काटकर व नारियल फोड़कर किया उद्घाटन**

कि झबरेड़ा की सीमाएं उत्तर प्रदेश से लगी होने के कारण अपराधी अक्सर एक प्रदेश में घटना को अंजाम देकर दूसरे प्रदेश में शरण ले लेते हैं। इस अंतर्राज्यीय आवाजाही और अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को कड़ी मेहनत और मुस्तैद गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी कावड़ यात्रा तथा 2027 के विधनसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर थानों में जांच और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। और पुलिस को भी इसके लिए मुस्तैद रहना पड़ेगा। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा और लायन आर्डर के लिए है कोई पार्टी बनने के लिए नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने की हिदायत दी वहीं लावारिस वाहनों की नीलामी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिस कर्मियों की



भी समस्याएं सुनी।इस निरीक्षण के दौरान सीओ अभिनय चौधरी, इंस्पेक्टर मनीष उपाध्याय, थाना प्रभारी निरीक्षक अजय शाह, एसआई रविंद्र कुमार, जय सिंह, योगेश कुमार, रोहित कुमार, राजेंद्र सिंह, रणवीर सिंह और रामवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## बड़ा हादसा टला : अनियंत्रित होकर ट्रक दुकान में घुसा बाल-बाल बचा दुकानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग ग्राम खजुरी तिराहा पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकानों में घुस कर पलट गया। दुकानदार व दुकान में बैठे ग्राहक बाल बाल बच गए उन्होंने दुकान से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। स्कूटी पर सवार दो युवती भी ट्रक की चपेट में आ गई। उन्हें भी अधिक चोट नहीं आई है। बुधवार दोपहर एक ट्रक जो झबरेड़ा से इकबालपुर की ओर जा रहा था ।ग्राम खजुरी तिराहा पर अनियंत्रित होकर दुकानों में जा घुसा दुकानदार व दुकान में बैठे ग्राहक बाल बाल बच गए। खजूरी तिराहा पर बनी दुकानें जिनमे ट्रक घुसा है वह ग्राम खजुरी निवासी कांग्रेस नेता विकास त्यागी की है। इन दुकानों में ग्राम खजुरी निवासी पंजाब हवाई द्वारा चाय पकौड़ी व परचून की दुकान चलाता है। पंजाब हलवाई का कहना है कि बुधवार दोपहर लगभग 1:00 बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था तथा दुकान पर कुछ ग्राहक भी बैठे थे। उसी समय एक ट्रक झबरेड़ा की ओर से तेजी से और आ रहा था ट्रक को नियंत्रित होते देख वह दुकान के बाहर दूसरी ओर भाग गए तथा ट्रक दुकान में घुसकर पलट गया। ट्रक की टक्कर लगने से दुकान के बाहर बना काउंटर तथा दुकान में रखा हजारों रुपए का सामान का नुकसान हुआ है। गमीनत रही कि उनकी व दुकान में बैठे ग्राहकों की जान बच गई। उसी समय वहां से जा रही स्कूटी सवार दो युवती भी ट्रक की चपेट में आ गई लेकिन उन्हें भी ज्यादा चोट नहीं लगी है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज में वित्तीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज के प्रांगण में वित्तीय जागरूकता और जिम्मेदार निवेश प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बंधन बैंक द्वारा आयोजित सेबी की वित्तीय साक्षरता पहल के अंतर्गत आर्ट फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा 'बंधन म्यूचुअल फंड' के सहयोग से संपन्न हुआ।



कार्यशाला में व्यक्तिगत वित्तीय योजना एवं बजट, म्यूचुअल फंड और इक्विटी निवेश की मूल बातें, वित्तीय धोखाधड़ी और घोटालों से बचाव, दीर्घकालीन धन सृजन तथा चक्रवृद्धि के महत्व जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी पूजा गुप्ता एवं प्राक्षी मल्होत्रा एवं विक्टर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला के शुभारंभ से पूर्व महाविद्यालय की प्रबंधिका मिस जे. सिंह एवं प्राचार्या डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं।

## 100 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए 100 सीसी प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को डुबोश लिया है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ''ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025'' के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/हेरोइन/ चरस/गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एस0एस0पी0 महोदय हरिद्वार द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा युवाओं को नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु टास्क दिये गये है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ हेतु टीमों का गठन किया गया, उक्त क्रम में दिनांक-17.03.2026 को पुलिस टीम द्वारा 01 व्यक्ति मोहम्मद सुहेल पुत्र साजिद हुसैन निवासी बहेड़ी ब्रहमनान भोजपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को मय मो0सा0 के साथ पकडा गया। जिनके द्वारा अपनी गाडी मो0सा0 मे प्रतिबंधित 100 शीशी कफ सिरप को रखकर विक्रय हेतु ले जा रहा था जिसे पीर बाबा के पास नहर पटरी रुड़की से पकडा गया। आरोपित के विरुद्ध कोतवाली रूडकी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

## शिक्षण संस्थान की करोड़ों रुपए की भूमि फर्जी तरीके से बेचने का आरोप

### शिकायत पर एसडीएम व पुलिस ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कस्बा स्थित एक शिक्षण संस्थान की फर्जी तरीके से करोड़ों की भूमि बेचने का मामला सामने आया है। भूमि पर आनन फानन में कुछ लोगों द्वारा कब्जा के जाने के प्रयास भी किया जा रहे हैं। मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की गई है। इस मामले में भगवानपुर कोतवाली पुलिस को भी तहरीर दे दी गई है। उधर इस मामले में उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम ने भी प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। अवगत करादे कि कस्बा भगवानपुर स्थित बी डी इंटर कॉलेज की लगभग 10 बीघा जमीन टोल प्लाजा के समीप स्थित है। आरोप है। कि कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से संस्था की समिति बनाकर बेच दिया है इस मामले में चुड़ियाला निवासी सुधीर त्यागी पुत्र रवि दत्त त्यागी , अमन त्यागी, उमेश त्यागी, विकास त्यागी, सत्यपाल

**❖भगवानपुर के बीडी इंटर कॉलेज की लगभग 10 बीघा जमीन टोल प्लाजा के समीप को फर्जीवाड़ा कर बेचने का आरोप**

त्यागी, रचित अग्रवाल, समेत अपने कई साथियों के साथ भगवानपुर कोतवाली पहुंच कर पुलिस को इस बाबत तहरीर भी दे दी गई है। यह भी आरोप लगाया गया है कि इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने के प्रयास भी किए गए हैं। इस मामले में दो सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी को भी शिकायत की गई थी। इस मामले में प्रशासन ने भी जांच शुरू कर दी गई हैं। उधर विद्यालय के प्रबंध संचालक खंड शिक्षा अधिकारी भगवानपुर अभिषेक शुक्ला ने बताया कि संस्था की लगभग 10 बीघा भूमि गलत तरीके से बेचने की बात सामने आई है इसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखित अवगत करा दिया गया है उपजिला अधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि शिक्षण संस्थान की कृषि भूमि की बिक्री के जाने का मामला सामने आया है जिसके लिए एक टीम गठित कर जांच की जा रही है। भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने बताया कि शिक्षण संस्थान की भूमि को बचाव के लिए वह उनके साथ ही वे भी शिक्षण संस्थान की भूमि को खुर्द बुद्ध करने वालों के खिलाफ शासन से कार्रवाई की मांग करेगी। वरिष्ट उप निरीक्षक अंकुर शर्मा ने बताया कि उन्हें तहरीर मिली हैं। जिसकी जांच की जा रही हैं।

## भारतीय इतिहास में महिलाओं की भूमिका अतीत से वर्तमान तक विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** राजकीय महा विद्यालय मंगलौर के इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारतीय इतिहास में महिलाओं की भूमिका अतीत से वर्तमान तक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का। भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चरणों में वंदना और स्वागत गीत से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तीर्थ प्रकाश ने अपने उद्बोधन मे संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विचारों के मंथन का केंद्र होते हैं, जो समाज के लिए अत्यंत हितकारी से होते हैं। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से पौधे भेंट कर और उत्तराखंडी टोपी वे शॉल ओढ़ाकर किया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉक्टर अनुराग ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि मंच का सफल संचालन डॉक्टर रामभरोसे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र




विभाग की डॉक्टर रचना वत्स द्वारा संपादित पुस्तक "महिला उद्यमिता एवं कौशल विकास" का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार साझा किए जिनमे डॉक्टर खेमचंद(कुल्लू मनाली, हिमाचल प्रदेश) ने हिमाचल की रानी खैडकरी के साहस का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अपने आभूषण तक दान कर दिए थे, उन्होंने राजनीति में महिलाओं के अमूल्य योगदान पर भी चर्चा की। डॉ रूबी तबस्सुम(इतिहास विभाग, भूपतवाला) ने वैदिक कला की विदूषी महिलाओं के ज्ञान की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाओं की भूमिका केवल वे दो तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने वेदों की रचना में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजकीय महाविद्यालय मंगलौर में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में विभिन्न विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज में महिलाओं की गौरवशाली भूमिका पर अपने विचार रखे।

## बिजली के करंट से झुलसे किशोर की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सात दिन पहले बिजली के करंट से झुलसे 16 वर्षीय किशोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर की मौत से परिवार की ईद की खुशियां गम में बदल गई।

गाधारोणा गांव में सात दिन पूर्व 16 वर्षीय किशोर अहतशाम बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया था। उसकी हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे देहरादून के हायर सेंटर में भर्ती कराया था। परिजनों के अनुसार इलाज के दौरान उसकी स्थिति में सुधार हो रहा था और उसने खाना-पीना भी शुरू कर दिया था। इससे परिवार में उम्मीद जगी थी और लोग ईद की तैयारियों में जुट गए थे। लेकिन बुधवार सुबह अचानक किशोर की तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। इस अप्रत्याशित घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किशोर की असमय मौत से जहां परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे गांव में भी शोक का माहौल है। बुधवार शाम को गमगीन माहौल में किशोर के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## बाइक व ई-रिक्शा की भिड़ंत में युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ पटरी मार्ग में मेहवड़ और कलियर के बीच बाइक व ई-रिक्शा की भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को बहादराबाद निवासी मुजम्मिल अपनी बाइक से कांवड़ पटरी मार्ग से घर लौट रहा था। जैसे ही वह मेहवड़ और कलियर के बीच पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा चालक ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

## शराब की तस्करी में महिला दबोची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाली है महिला को 48 देसी पव्वे के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध शराब बनाने व तस्करी करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर को माहडी चौक से कुछ आगे भगवानपुर की तरफ से महिला आरोपित निवासी ग्राम सिसौना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को 48 पव्वे देशी शराब के साथ पकडा गया।

## लोन सेटलमेंट के नाम पर किसान से 2.80 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लोन सेटलमेंट के नाम पर किसान से 2.80 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कुमराड़ी निवासी जुनैद आलम ने पंजाब नेशनल बैंक की लहबोली शाखा से 4.30 लाख रुपये का ऋण लिया था। आर्थिक तंगी के चलते वह किस्तें नहीं चुका सका। आरोप है कि जुलाई 2022 में बैंक परिसर में उसकी मुलाकात सिंधु बंसल से हुई, जिसने खुद को फील्ड ऑफिसर बताकर 2.80 लाख रुपये में लोन सेटलमेंट कराने का झांसा दिया।

## कार दिलाने के नाम पर 5.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दंपति ने एक व्यक्ति से कार बेचने के नाम पर दो लोगों ने साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आकाशदीप एनक्लेव निवासी विपिन कुमार निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पहचान बढेडी राजपुताना निवासी शहजाद से थी। लगभग दो वर्ष पूर्व शहजाद ने अपनी एसयूवी कार बेचने की बात कही और पीरपुरा रोड पर पीड़ित की फैक्ट्री पर आकर कार दिखाई। कार का सौदा 12 लाख रुपये में तय हुआ।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

## मैंने हमेशा विकास व विश्वास को तरजीह दी है : चौ. राजेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी राजेंद्र सिंह ने खानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर, नियामतपुर एवं पूरनपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास किये।

प्राप्त जानकारी के अनसार इस अवसर पर चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है और शहर से देहात तकहर क्षेत्र में बुनियादी विकास कराया जा रहा है उन्होंने कहा किगांव के अंतिम छोर तक विकास कार्यों को तरजीह दे रही है जिन क्षेत्रों में दशकों से विकास नहीं हुए हैं उसे क्षेत्र में प्राथमिकता से विकास कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि वह हमेशा से विश्वास और विकास की राजनीति करते हैं विकास को उन्होंने हमेशा प्राथमिकता दी हैऔर क्षेत्र का बुनियादी विकास करना ही उनका मकसद रहा है। इस मौके पर पहुंचे प्रधान सतकुमार जोध सिंह निर्दोष प्रधान तपन प्रधान विशाल



चौधरी कुलवीर सिंह अरविंद राजवीर सरना प्रधान उपदेश प्रधान तेजपाल सिंह अजब सिंह शेर सिंह सोमपाल आदि क्षेत्र और विधनसभा से सभी साथियों उपस्थि रहे।

## मॉक ड्रिल : बाढ़ आपदा प्रबंधन का सफल अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में आज दिनांक 18 मार्च 2026 को बाढ़ आपदा से निपटने के लिए एक मॉक अभ्यास आयोजित कियगया।

उपजिलाधिकारी सौरभ असवाल के अनुसार सुबह लगभग 10:53 बजे ग्राम गंगदासपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने और तटबंध क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 10:57 बजे जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को अवगत कराया और तुरंत रेस्क्यू टीम को मौके के लिए



रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम में एसडीआरएफ पुलिस, स्वास्थ्य, वन विभाग, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभाग शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, जिसमें: नदी पार फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया, 2 गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया, 3 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद राहत शिविर भेजा गया, एक मगरमच्छ को आबादी क्षेत्र से पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गयाइसके साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा तटबंध की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। प्रभावित लोगों को राहत शिविर में ठहराया गया और सभी को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा किया गया यह मॉक अभ्यास आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ताक पर मानवता

युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान- अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था। यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे। अंतर्राष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले कानूनी ही नहीं, नैतिक रूप से भी गलत हैं। लेकिन, आंकड़े कहते हैं कि आज किसी को न नैतिकता की पड़ी है और न नियमों की। ॅभ्व के मुताबिक, केवल यूक्रेन में ही 2022 के बाद से अभी तक हेल्थ केयर फैसिलिटीज पर 2881 हमले हो चुके हैं। और हॉस्पिटल ही नहीं, पश्चिम एशिया संकट में तो पानी और तेल के ठिकाने भी निशाना बन रहे हैं। इस तरह की घटनाएं बार-बार इसलिए हो रही हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की अब कोई वास्तविक ताकत नहीं बची। वर्ल्ड ऑर्डर में केवल एक चीज मायने रख रही है - कौन किस पर किस तरह से हावी हो सकता है। जरूरत निंदा और आलोचना से आगे ठोस कार्रवाई की है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना होगा कि ऐसे हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो।

## सियासी विवाद में किसानों को नुकसान



किसानों ने एमएसपी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए, किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था, इस आंदोलन में शामिल होकर मैने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे, इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनी. ति हो रही है, विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है।

**-अमरिदंर सिंह, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# नवरात्र : आंतरिक ऊर्जा व आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजडिघ्त मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजडिघ्त स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपा. सना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**( योगेश कुमार गोयल )**

## 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन डोली पर सवार होकर नवरात्र में आएगी माता

इस बार 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा नवरात्र में एक ही दिन पघ्रहे हैं और आता डोली पर सवार होकर आ रही हैंजो प्रकृति, धर्म ,आस्था और दान का समन्वय बनाएंगे। इस वर्ष 19 मार्च को सुबह 6:52 से 7:45 तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि वर्ष 1954 में अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन पड़ा था। इस बार भी पहला नवरात्रा पड़ रहा है। इसके बाद देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आ गई थी। उन्होंने बताया कि इस विक्रम संवत 2083 में सब शुभ होगा।मां की कृपा से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इस बार हिदू नव वर्ष गुरुवार को पघ्रहा है। इसलिए इस साल के राजा देव गुरु बृहस्पति यानी गुरु है। गुरु ज्ञान के दाता है और ज्ञान होने पर सब कुछ जीवन में आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रहों के सहयोग से डोली में सवार होकर मां आएंगे और भक्तों की मनोवृत्ति को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि मां डोली पर सवार होकर जब भी नवरात्रि में आती है ,तो एक मां अपने बच्चों के साथ वात्सल्य भाव रखती है। इस तरह पूरा विश्व भी वात्सल्य भाव में रहता है। मां का वात्सल्य हमेशा बड़ा होता है। इससे विकास की गति को एक नई ऊंचाई और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सुबह 11:36 से अपरा]न 12:24 तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा । इस वर्ष खरमास के दौरान नवरात्र पड़ रही है- लेकिन देवी पूजा के लिए यह समय दोष मुक्ति माना गया है। पहले खरमास 13 मार्च से लगा है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। भारत वर्ष इस बार विशेष तरक्की करेगा- ऐसी हम सभी की कामना एवं ईश्वर से मन से प्रार्थना है।

# गैस का संकट नहीं, तो ये लाइनें क्यों लगी हैं?





निर्मल रानी

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा। अमेरिका, इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ हारमूज में शिपिंग रुक गई है। गौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90 प्रतिशत तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ हारमूज जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुए कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रूपए जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गई है। इस दौरान रसोई गैस के लिए जगह जगह लोगों की कतारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की खबरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की किल्लत की शंका से दहशत फैल गई। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90: होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रूपए टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को खतरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुए रोटी, डोसा, पूरी, फ्राई सामग्री, चाय-कॉफी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाए केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हजारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गए । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30 प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहां 40 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुए। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ स्टॉक होने की खबरें आई हैं। इस संकट का सामना करने के लिए सरकार द्वारा रिफाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थाई अनुमति भी दी गई है। यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोजगारी का खतरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का जिक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के जरिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुए अनेक लोगों की वीडियो भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाकायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के श्ज्ञान श से प्रभावित व प्रेरित तमाम ष्लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में अनपढ़ राजा कहकर मोदी का मजाक उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी दिव्य ज्ञान के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुए उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव



विनीत नारायण



दुनिया एक नए युद्ध की चपेट में है जो न केवल मध्य पूर्व को हिला रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित कर रहा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमलों ने इस संघर्ष को एक पूर्ण युद्ध का रूप दे दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और नौसेना को नष्ट करने का ऐलान किया है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है।

सवाल उठता है कि क्या यह युद्ध केवल अमेरिका की अहंकारपूर्ण कूटनीति का परिणाम है, जहां वह वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और तेल तथा खनिज बाजार पर कब्जा जमाना चाहता है? या यह एक आवश्यक रक्षात्मक कदम है जो ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए उठाया गया है? एक स्वतंत्र .ष्टिकोण से देखें तो यह युद्ध अमेरिकी कूटनीति की विफलता का प्रतीक है, जहां वार्ता के बजाय सैन्य शक्ति पर जोर दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, लेकिन इससे ईरान और अधिक आक्रामक हो गया। रक्षा विशेषज्ञ जो कोस्टा का कहना है कि यह युद्ध अमेरिकी सैन्य तैयारियों को कमजोर कर रहा है, खासकर चीन के खिलाफ।आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह तेल बाजार पर कब्जे की लड़ाई है, लेकिन इससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है।

भारत, जो अपनी 90 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया है। टीएस लोम्बार्ड की अर्थशास्त्री शुमिता देवेश्वर कहती हैं कि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध भारत की रसद लागत और प्रेषण को प्रभावित करेगा। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है, और मुद्रास्फीति बढ़ने से आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं, जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। रणनीतिक रूप से यह युद्ध भारत की विदेश नीति को जटिल बना रहा है। भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह परियोजना में निवेश किया है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन युद्ध से यह परियोजना खतरे में आ गई है। वहीं, भारत-अरब-इजराइल-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि ईरान की अस्थिरता से चाबहार का विकल्प सीमित हो गया है। रैंड के अर्थशास्त्री रफीक दोसानी कहते हैं कि अगर अमेरिका और इजराइल जीतते हैं, तो आईएमईसी इजराइल की प्राथमिकता बनेगा। इसके अलावा, मध्य पूर्व में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। प्रेषण, जो भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावित हो सकता है। हाल ही में 'द हिंदू' के एक संपादकीय में कहा गया है कि यह युद्ध भारत पर अपेक्षा से अधिक प्रभाव डालेगा और पड़ोसी क्षेत्र को और जटिल बनाएगा। भारत को अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हुए ईरान के साथ संतुलन बनाना होगा, जो एक कूटनीतिक चुनौती है।

यह युद्ध अमेरिका की वैश्विक स्थिति को दोधारी तलवार की तरह प्रभावित कर रहा है। एक ओर, अमे. रिका ने ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया है, जो उसके सैन्य प्रभुत्व को दर्शाता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हमलों ने ईरान की नौसेना को 'लड़ाई अक्षम' बना दिया है। लेकिन लंबे समय में, यह युद्ध अमेरिकी संसाधनों को खींच सकता है। चौथम हाउस के विशेषज्ञों के अनुसार, लंबा युद्ध वैश्विक जीडीपी पर सीमित प्रभाव डालेगा, लेकिन उभरती अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जा कीमतों से नुकसान होगा। वैश्विक स्तर पर, यह युद्ध अमेरिका की कूटनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। यूरोप और एशिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे एथेंस में हजारों लोगों का अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च। चीन और रूस ईरान का समर्थन कर रहे हैं, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। अटलांटिक काउंसिल के विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस संघर्ष से फायदा उठा रहा है, क्योंकि ईरान उसका रणनीतिक साझेदार है। आर्थिक रूप से, अमेरिका ऊर्जा निर्यातक होने से कम प्रभावित है, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान से मंदी का खतरा है। जेपी मॉर्गन के अर्थशास्त्री जोसेफ लुप्टन कहते हैं कि यह संघर्ष व्यापार युद्ध पर और दबाव डालेगा। अगर युद्ध क्षेत्रीय हो गया, तो तेल कीमतें 120 डॉलर तक पहुंच सकती हैं, जिससे अमेरिकी विकास दर नकारात्मक हो सकती है। दुनिया भर के अधिकतर जानकारों का यह मत है कि यह युद्ध मुख्य रूप से अमे. रिकी कूटनीति की विफलता है। ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते से बाहर निकालकर दबाव बढ़ाया, लेकिन इससे ईरान की आक्रामकता बढ़ी। तेल और खनिज बाजार पर कब्जे की महत्वाकांक्षा साफ दिखती है, क्योंकि होर्मुज का नियंत्रण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रित करता है, लेकिन यह अहंकारपूर्ण दृष्टिकोण है, क्योंकि हवाई हमले सरकार नहीं गिरा सकते। रक्षा विशेषज्ञ रॉब जॉनसन कहते हैं कि अमेरिका ईरान की वायु रक्षा को नष्ट कर सकता है, लेकिन लंबी अवधि में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता प्रभावित होगी। कूटनीतिक विशेषज्ञ जेफरी फेल्टमैन और माइकल ओश्हैनलॉन का मानना है कि इस युद्ध के प्रभाव ईरान, मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेंगे। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुश्ताक हामी ने होर्मुज को बंद रखने की धमकी दी है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला सकती है। यह युद्ध न केवल ईरान की संप्रभुता का मुद्दा है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का भी। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए, जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देना। अमेरिका को वार्ता की ओर लौटना चाहिए, वरना यह संघर्ष विश्व युद्ध का रूप ले सकता है। स्वतंत्र रूप से देखा जय तो, यह युद्ध अनावश्यक है और इससे सभी पक्ष हारेंगे। वैश्विक नेताओं को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि शांति बहाल हो सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



प्रयागराज। एलपीजी खाना पकाने के गैस सिलेंडर को फिर से भरकर ले जाता व्यक्ति।

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर किया हमला: IDF

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद और इजरायल पर रॉकेट हमले के जवाब में आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला शुरू किया।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

### ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल, अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिक.ारी बुधवार से संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के ये अधिक.ारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की पुरानी और गलत जानकारी की वजह से यह

■ इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है



मिसाइल स्कूल पर जा गिरी। डीआईए के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेम्स एच. एडम्स से इस बड़ी चूक पर जवाब मांगा जा सरता है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस घटना की जांच अभी जारी है। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अंदर भी खींचतान मची है। नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वे इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। केंट के अनुसार, ईरान से अमेरिका को कोई ऐसा खतरा नहीं है जिसके लिए युद्ध किया जाए। नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड और सीआईए के निदेशक जान रैटक्लिफ से ईरान के बारे में हाल ही में मिले खुफिया आकलन (इंटेलिजेंस असेसमेंट) को लेकर भी सवाल पूछे जा सकते हैं। इनमें से एक आकलन में यह कहा गया था कि अमेरिकी हमलों से तेहरान में सत्ता परिवर्तन होने की संभावना कम ही है, जबकि दूसरे आकलन में इस दावे पर ही संदेह जताया गया था कि ईरान पहले हमला करने की तैयारी कर रहा था। संसद में अमेरिका के घरेलू हालातों पर भी चर्चा होगी। हाल के दिनों में मिशिगन के एक यहूदी प्रार्थना स्थल और वर्जीनिया की एक यूनिवर्सिटी में हमले हुए हैं। इसके अलावा, टेक्सास के एक बार में गोलीबारी हुई जहां हमलावर के कपड़ों पर ईरानी झंडा बना था। न्यूयॉर्क में मेयर के घर के बाहर विस्फोटक लाने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा गया है। इन घटनाओं ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एफबीआई के मुखिया काश पटेल की कार्यशैली भी जांच के घेरे में है। उन्होंने पिछले एक साल में कई अनुभवी एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है।

## दक्षिण कोरिया को प्राथमिकता से कच्चा तेल देने पर यूएई सहमत: कांग हून-सिक

**सोल।** द. कोरिया ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से उत्पन्न संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात के साथ 1.8 करोड़ बैरल तेल की प्राथमिक आपूर्ति पर सहमति व्यक्त की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के प्रमुख सचिव और साम.रिक आर्थिक सहयोग के विशेष दूत कांग हून-सिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग ने यूएई यात्रा के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच व्यावहारिक सहयोग के उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक साझेदारों एवं सहयोगियों के बीच विश्वास को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दूत ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का एक व्यक्तिगत पत्र यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को सौंपा।

# ईरान ने अमेरिका-इजरायल को आगाह किया

### नेताओं की हत्या से ईरान की राजनीतिक व्यवस्था कमजोर नहीं होगी: अराघची



■ ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है
■ हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि इस्लामी गणराज्य ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक सुदृढ़ ढांचे पर आधारित है, जिसमें स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थान मौजूद हैं और किसी एक नेता की हत्या से इस व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शक्तिशाली सचिव अली लारिजानी की इजरायल द्वारा की गई हत्या से ईरान के नेतृत्व को कोई निर्णायक क्षति नहीं पहुंचेगी। अराघची ने कहा कि व्यक्तियों की क्षति के बावजूद ईरान की शासन व्यवस्था लचीली और मजबूत बनी हुई है, जिसे उन्होंने 'बहुत सुदृढ़' प्रणाली बताया। उन्होंने अल जजीरा को दिए साक्षात्कार में कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी या अनुपस्थिति से इस ढांचे पर कोई असर नहीं पड़ता। निश्चित रूप से व्यक्तियों का प्रभाव होता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक बहुत मजबूत संरचना है। यह साक्षात्कार उस समय प्रसारित हुआ जब ईरान ने बुधवार को पहले लारिजानी की मृत्यु की पुष्टि की। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो। हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह और हमेशा के लिए समाप्त हो। हम युद्धविराम में नहीं, बल्कि युद्ध के अंत में विश्वास करते हैं। उन्होंने दोहराया कि यह संघर्ष तेहरान द्वारा शुरू नहीं किया गया और इसके परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध हमारा युद्ध नहीं है। हमने इसे शुरू नहीं किया। अमेरिका ने इसे शुरू किया और इसके सभी मानवीय और आर्थिक परिणामों के लिए वही जिम्मेदार है, चाहे वह ईरान, क्षेत्र या पूरे विश्व के लिए हों। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अब तक यह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है और शीर्ष नेतृत्व के नुकसान से शासन व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल हमलों के पहले दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बावजूद व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही और नेतृत्व का तुरंत प्रतिस्थापन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नेता से अधिक महत्वपूर्ण हमारे पास कोई नहीं था, और जब नेता भी शहीद हो गए, तब भी व्यवस्था चलती रही और तुरंत नया नेतृत्व सामने आ गया।

## ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की मौत की पुष्टि



**तेहरान।** ईरान ने बुधवार तड़के आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उसके शीर्ष सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की मौत हो गई है। परिषद सचिवालय ने स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के एक बयान जारी कर लारीजानी के मारे जाने की घोषणा की। इस बयान में उन्हें ताउम्र सार्वजनिक सेवा करने वाला बताते हुए 'शहीद' कहा गया है। इससे पहले मंगलवार को इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा था कि उसके हमले में लारीजानी मारे गए हैं लेकिन तब ईरान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की थी। ईरान परिषद के अनुसार, लारीजानी के साथ उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य लोग भी मारे गए हैं। वक्तव्य में लारीजानी के लंबे राजनीतिक करियर की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ऐसी शख्सियत बताया गया जिसने जीवन के अंतिम क्षणों तक ईरान की प्रगति और बाहरी खतरों के खिलाफ एकजुटता के लिए काम किया। इससे पहले मंगलवार को ईरान ने अपने अर्धसैनिक बल 'बसिज' के प्रमुख गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने की भी पुष्टि की थी। ईरान ने इसे 'अमेरिकी-जायोनी दुश्मन द्वारा किया गया एक आतंकवादी हमला' करार दिया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, लारीजानी और सुलेमानी दोनों का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

## जेलेंस्की ने ट्रम्प, स्टारमर से मुलाकात का किया आग्रह

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से मुलाकात करने और आम सहमति बनाने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने यह आह्वान अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की बार-बार आलोचना करने के बाद की है। स्टारमर के साथ बातचीत करने के बाद बीबीसी को मंगलवार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि वह राष्ट्रपति ट्रम्प को यह नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए मुलाकात करनी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से भड़की जंग, ट्रम्प द्वारा नाटो सहयोगियों की आलोचना और स्टारमर की कथित सैन्य कार्रवाई की कमी के बाद एक राजनयिक विवाद में तब्दील हो गई है। अपने नवीनतम हमले में, ट्रम्प ने स्टारमर के लिए कहा कि वह विस्टन चर्चिल नहीं हैं और उन्होंने कहा कि हालांकि वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को एक नेक इंसान मानते हैं लेकिन वह उनसे बहुत निराश हैं। स्टारमर ने दृढ़ता से जवाब देते हुए इस बात पर बल दिया कि ब्रिटेन किसी व्यापक युद्ध में नहीं उलझेगा और उन्होंने अमेरिका-ब्रिटेन के स्थाई संबंधों को दोहराया।

# यूएई ने ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। यूएई के उपप्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक अवसंरचना, हवाई अड्डों, रिहायशी इलाकों और अन्य नागरिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।



■ उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहा: ये क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

उन्होंने कहा कि यूएई देशभर में नागरिकों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जा रही इस निरंतर वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने जोड़ा कि इन हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कड़ी आलोचना हुई है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित कर ईरान से 'तत्काल और बिना शर्त' ऐसी गतिविधियां रोकने की मांग की है। अब्दुल्ला ने कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा आत्मरक्षा के अधिकार के अनुरूप ष्सभी आवश्यक कदम उठाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति 'गहरी संवेदना और शोक' व्यक्त किया, जिनमें फलस्तीन, पाकिस्तान, बंगलादेश और नेपाल के नागरिक भी शामिल हैं, तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने संबंधित देशों की सरकारों और नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यूएई की सभी नागरिकों, निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अधिकारी 'किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

## देवी पार्वती का किरदार निभाना बेहद खास रहा: श्रेनु पारिख

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रेनु पारिख का कहना है कि सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास रहा है। सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' के आने वाले एपिसोड्स में कहानी देवी पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन की ओर बढ़ती है। सती के बलिदान के बाद पुनर्जन्म लेकर पार्वती महादेव को जागृत करने के संकल्प के साथ तपस्या शुरू करती हैं। महादेव गहरे ध्यान और शोक में लीन रहते हैं, लेकिन पार्वती वर्षों तक कठिन तप और सेवा करती हैं। इस बीच, राक्षस तारकासुर (आमिर दलवी) का अत्याचार ब्रह्मांड को संकट में डाल देता है। कामद.ेव (करण चौधरी) प्रेमबाण से शिव का ध्यान भंग करने का प्रयास करते हैं, जिससे शिव प्रचंड क्रोध में कामदेव को भस्म कर देते हैं लेकिन पार्वती की अटूट भक्ति धीरे-धीरे शिव के दुख को पिघलाती है और उनके नियति-निर्धारित मिलन की राह बनाती है। यह एक ऐसा क्षण है, जो ब्रह्मांडीय संत.ुलन को पुन: स्थापित करता है और उस पुत्र के जन्म का मार्ग प्रशस्त करता है, जो तारकासुर का अंत करेगा।

# वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**हवाना।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा, चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है।

अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन में भी कहा

■ ट्रम्प बोले: क्यूबा को हासिल करके रहूंगा
65 साल से दोनों देशों में विवाद



था कि मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमे.रिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।

# अमेरिकी सेना ने ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

### होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का किया उपयोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

कमान ने कहा कि कुछ घंटे पहले अमे.रिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। कमान के अनुसार कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने हमले समाप्त करने के लिए 'अभी तैयार नहीं' है और यह अभियान अब तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर



■ अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है: ट्रम्प

चुका है। ट्रम्प ने यह भी स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही के लिए संयुक्त एस्कॉर्ट मिशन का उनका प्रस्ताव अधिकांश नाटो देशों और अमेरिकी सहयोगियों ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने इस पर निराशा जताते हुए कहा कि अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बाकर गालिबाफ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य 'युद्ध-पूर्व स्थिति में नहीं लौटेगा कि हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक विवरण नहीं दिया। जेपी मॉर्गन की एक हालिया रिपोर्ट में विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है तो पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक देश अधिकतम 25 दिनों तक ही उत्पादन बनाए रख सकेंगे। सऊदी अरब, इराक, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और स्वयं ईरान अपने कच्चे तेल के निर्यात के लिए इस संकरे मार्ग पर निर्भर हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पिछले सप्ताह अमेरिकी मीडिया से कहा था कि अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के सिवाय अन्य के लिए जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खुला है।

# पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार: रूस

### रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा: वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डालर प्रति बैरण्ल है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डालर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पेट्रोल 321 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) और डीजल 335 पीकेआर प्रति लीटर





मिल रहा है। पाकिस्तान को रोजाना लगभग 5 से 6 लाख बैरल कच्चे तेल (क्रूड आयल) की जरूरत पड़ती है। पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि एलएनजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। डीजल की कीमत 88 डालर से बढ़कर 187 डालर और पेट्रोल 74 डालर से बढ़कर 130 डालर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 एलएनजी कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पालिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टाक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है।





